हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 5 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 11.0 डिग्री

12 खरीफ और रबी फसल के लिए अल्पकालीन लोन तय करने बैठक, तय की गई दरें



13 मच्छर जनित रोगों का उन्मूलन करने हजारों घरों का किया सर्वेक्षण





# शहर में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टे का भंडाफोड़, 12 सटोरिए हिरासत में, 2 लाख कैश जब्त

**भारत और दक्षिण अफ्रीका के मैच में लगा रहे थे रन डिफरेंस, टॉस, विकेट पर दांव, दुर्ग, पुलगांव, धमधा पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर में क्रिकेट सट्टा एक बार फिर सक्रिय हो गया है। ऑनलाइन सट्टा का बड़ा खेल चल रहा है। इसे लेकर पुलिस ने क्रिकेट सटोरियों पर शिकंजा कसने का प्रयास किया। इस दौरान एक बड़े रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है, लेकिन महादेव सट्टा (लोट्स) का कारोबार बड़े पैमाने पर अब भी जारी है।

पुलिस इन्हें पकड़ने में फेल साबित हो रही है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि क्रिकेट सट्टा को लेकर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर तांदुला जलाशय के पास राजेन्द्र पार्क के सामने युवक द्वारा भारत साउथ अफ्रीका क्रिकेट मैच के लिए रुपये का दांव मोबाइल से लगा रहे रैकेट का भंडाफोड़ किया है। दुर्ग सिटी कोतवाली पुलिस ने दबिश देकर दुर्ग निवासी दिनेश बंजारे को पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी दिनेश ने पुलिस को बताया कि अंकित मेडे से आईडी माईबेट 777 सीजी लेकर आईडी में भारत-साउथ अफ्रीका मैच में हार जीत का दाव लेने बताया था। आरोपी दिनेश को अंकित मेडे तीन प्रतिशत कमीशन और दिनेश के द्वारा सिकोला भाटा आकाश नंदनवार को दो प्रतिशत कमीशन मिलना स्वीकार किया। आरोपी दिनेश के पास से पुलिस ने दो मोबाइल, एक लाख, आकाश नंदनवार से मोबाइल 50 हजार जब्त किया गया।

## घेराबंदी कर टीम ने बंजारे को पकड़ा आईडी का भी हुआ खुलासा

पुलगांव पुलिस ने पुलगांव चौक के पास टीमन बंजारे को घेराबंदी कर पकड़ा गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि अपने दोस्त पवन तांबूले से ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा में आईडी पासवर्ड बनाकर पैसा कमाना स्वीकार किया। धमधा पुलिस ने बाजारपारा मंगल भवन के पास से आरोपी शशांक शर्मा के पास से मोबाइल फोन से क्रिकेट कल्याण, राजधानी नाइट पर ऑनलाइन सट्टा पट्टी लिख रहा था। पुलिस ने कार्रवाई किया है। इस दौरान आरोपीगणों शशांक शर्मा, तुकाराम शर्मा, राकेश सिन्हा, धर्मराज वर्मा, देवचरण साहू, संजय कहार, थान सिंह यादव, शेखर साहू का मोबाइल फोन चेक किया गया। जिसमें रिकॉर्डिंग के आधार पर ऑनलाइन सट्टा पत्ती खेलने का साक्ष्य मिला। आरोपियों से 10 मोबाइल, 31 हजार 2 सौ रुपए बरामद किया गया।



## महादेव सट्टा बना लोट्स, ऑनलाइन प्लेटफार्म पर चल रहा

ऑनलाइन महादेव सट्टा का नाम बदलकर अब लोट्स में कन्वर्ट किया गया है। जिले में यह कारोबार अब भी बेखौफ तरीके से चल रहा है। कई मोबाइल दुकान, होटल, ज्वेलरी शॉप, होटल आदि में काम करने वाले युवक युवतियां ऑन लाइन सट्टे का कारोबार बेखौफ तरीके से कर रहें है। सूत्रों ने बताया कि उक्त युवक युवतियां भिलाई-दुर्ग में रहकर अपना पैनल दिगर राज्यों में संचालित करते है। कुछ पुलिस वालों को इसकी सारी जानकारी होने के बाद भी इन पर मेहरबानी चल रही है। पुलिस ने बुधवार को म्यूल खातों में करोड़ों का लेनेदेन करने वालों में कोहका निवासी चीकू उर्फ रमाकांत बंसोड समेत आठ को पकड़ा है।

---

**खबर संक्षेप**

## हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर युवक झुलसा



**भिलाई।** रेलवे के हाइटेंशन लाइन के चपेट में आने से युवक गंभीर रुप से झुलसने का मामला सामने आया है। युवक को गंभीर रुप में अस्पताल पहुंचाया गया है। जहां अस्पताल में युवक का उपचार जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक घटना डबरा पारा रेल लाइन के पास गुरुवार शाम बालाजी नगर खुर्सीपार निवासी छात्र जी. श्याम ट्रेन के ऊपर चप्पल उतारने चढ़ा था। हादसे में हाईटेंशन लाइन के चपेट में आ दया। जिससे श्याम 80 प्रतिशत से अधिक झुलस गया। जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है। गुरुवार को श्याम भिलाई तीन से जामुल की ओर जाने वाली छोटी रेल लाइन पर खड़ी एक ट्रेन के ऊपर चढ़ गया। तभी वह ऊपर से गुजर रही हाई टेंशन लाइन के चपेट में आया था। युवक को बिजली का झटका लगने से वह बेहोश होकर नीचे गिर पड़ा। वहीं रेलवे कर्मी झुलसे युवक श्याम को देख परिजनों को सूचना दी। सूचना लगते ही श्याम के दो दोस्त मौके पर पहुंचे। किसी तरह से उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। दोस्तों के मुताबिक श्याम बोलने की स्थिति में नहीं था। सिविल सर्जन डॉ. आशीष मिंज के मुताबिक झुलसे युवक की हालत बेहद गंभीर थी। उसे सेक्टर 9 अस्पताल रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है।

## बाइक में फर्जी नंबर युवक पकड़ाया

**भिलाई।** बाइक में फर्जी नंबर को बाइक में लगाकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा है। पुलिस ने बताया कि 3 दिसंबर की रात डीपीएस चौक पर ट्रैफिक पुलिस ने युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने पॉइंट ड्यूटी चेकिंग के दौरान रोककर जांच की। बाइक में सीजी 07 एलए 4822 को जब चेक किया गया, तो चेसिस नंबर और पंजीयन नंबर एक सामान नहीं मिले। पुलिस को जब बाइक चालक से पूछताछ कर रही है।

---

दो स्कूलों में पूरे शिक्षक पढ़ाई छोड़ स्टॉफ रूम में गप्पे हांकते मिले

# नौ स्कूलों का औचक निरीक्षण, बीईओ और प्रिंसिपल हेडमास्टर सहित दर्जनभर गैरहाजिर शिक्षकों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अर्धवार्षिक परीक्षा की तैयारी के बीच सरकारी स्कूलों में शिक्षकों का गैर जिम्मेदाराना रवैया गुरुवार को देखने मिला। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा औचक निरीक्षण पर नौ स्कूलों में पहुंचे। दो स्कूलों में पूरे शिक्षक अध्यापन कार्य छोड़कर स्टॉफ रूम में गप्पे हांकते मिले। विद्यार्थी इधर-उधर घूमते पाए गए। सात स्कूलों में दर्जनभर से ज्यादा शिक्षक अनुपस्थित मिले हैं। बीईओ ,प्राचार्य सहित अनुपस्थित शिक्षकों को नोटिस थमाया गया है।



## इन दो स्कूलों में गप्पे लड़ा रहे थे शिक्षक

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बोरई में पूरा शिक्षकीय स्टाफ अध्यापन कार्य करने के बजाय स्टाफ रूम बैठे पाये गये। हाई स्कूल निपानी पाटन में पूरा स्टॉफ गप्पे हांकते मिले हैं। यहां के प्राचार्य सहित पूरे स्टॉफ को नोटिस जारी किया गया।

## मध्यान्ह भोजन गुणवत्ताविहीन

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पुलगांव के निरीक्षण दौरान पाया गया कि शाला द्वारा तैयार समय सारिणी में मध्यान्ह भोजन का समय 2.15 से 3 बजे है। विद्यार्थी शाला एवं शाला परिसर के बाहर घूमते मिले। मध्यान्ह भोजन गुणवत्ता विहीन एवं मीनू के अनुसार नहीं पाये जाने पर प्रधानपाठक को नोटिस जारी किया गया। संबंधित प्राचार्य, शासकीय हाईस्कूल एवं राज्यस्तरीय उच्चाधिकारियों एवं जिले के अधिकारियों द्वारा बैठक लेकर विकास खण्ड स्तर पर निरीक्षण दल गठित कर निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए थे उसके बाद भी अव्यवस्था मिली। इसलिए संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी दुर्ग को भी कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

## पौहा स्कूल में आते ही नहीं एक शिक्षक

पाटन विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पौहा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दौरान दौरान दुष्यंत चन्द्राकर शिक्षक अनुपस्थित मिले। चंद्राकर की अध्यापन कार्य ने रुचि नहीं लेते, हठधर्मिता करने और अधिकत्तर समय शाला से अनुपस्थित रहने की शिकायत शाला विकास समिति कर चुकी है इसलिए मामले पर कार्यवाही प्रकरण उच्च कार्यालय को भेजा गया।

## बेल्हारी स्कूल के गेट में लटका मिला ताला

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बेल्हारी कर निरीक्षण के दौरान अनिता शर्मा एवं श्रद्धा शर्मा शिक्षक बिना आवेदन अनुपस्थित पाये गये। प्राथमिक शाला से कमलेश शुमार व चालेश कुमार 10:15 बजे तक शाला में उपस्थित नहीं हुए थे। गेट में ताला लगा था। इसलिए विद्यार्थी यहां-वहां घूमते मिले।

## दूसरे दिन करते हैं हस्ताक्षर

पूमाशा असोगा में शिक्षिका अनिता ठाकुर व ब्राम्हणी झा अवकाश आवेदन देकर स्कूल नहीं पहुंची थी लेकिन आदि प्रधानपाठिका झा द्वारा इसे उपस्थिति पंजी में दर्ज नहीं किया गया और उसे रजिस्टर में दबाया हुआ मिला। डीईओ मिश्रा ने अवलोकन में आवेदन का दर्ज नहीं करते और दूसरे दिन हस्ताक्षर किया जाता है। प्राथमिक शाला असोगा में भी कीर्ति खेर और प्रतिमा रानी नाग ने आधे दिन का अवकाश आवेदन दिया था लेकिन रजिस्टर में इसे दर्ज नहीं किया मिला। इस मामले में बीईओ को नोटिस भेजा है और इन शिक्षकों का एक दिन वेतन काटने के निर्देश दिए गए हैं।

**इन स्कूलों में शिक्षक रहे गायब :** प्राथमिक शाला अकतई में प्रधानपाठक मनोज कुमार पाटिल, हितेश पटेल, ओदरागहन हाई स्कूल की ममता राजपूत, भूपेंद्र देवांगन अनुपस्थित मिले। उच्चतर माध्यमिक शाला रानीतराई में चेतनलाल साहू गैरहाजिर पाए गए। इस स्कूल में प्रायोगिक कार्य अपूर्ण मिला।

---

भिलाई तीन पुलिस थाना क्षेत्र की घटना

# मुर्गा पार्टी के बाद छोटे ने बड़े भाई पर हंसिया से किया वार, मौत

**आरोपी पकड़ाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

अपने ही बडे भाई को हंसिया से वार कर मौत के घाट उतारने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। भिलाई तीन थाना प्रभारी अंबर सिंह ने बताया कि पुरैना निवासी राजू निर्मलकर और छोटा भाई मुकेश निर्मलकर साथ मिलकर चिकन पार्टी कर रहे थे। इस दौरान पुरानी बातों को लेकर आपस में राजू और मुकेश का विवाद हो गया। आक्रोश में आकर मुकेश ने घर में रखा हंसिया से बड़े भाई पर कई बार वार कर मौत के घाट उतार दिया। घटना में मौके पर ही राजू की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है। मृतक ने महासमुंद की महिला से शादी किया था उसे छोड़कर चली गई। वहीं आरोपी मुकेश भी विवाहित है। मृतक और आरोपी साथ में नशा किए थे। फिलहाल पुलिस हत्या कारण जानने के लिए जांच में जुटी हुई है।

## रात का पारा सामान्य से 4 डिग्री कम, बढ़ेगी ठंड

**दुर्ग।** जिले में शीत लहर शुरू हो गई है। रात के समय और सुबह तड़के शीत लहर महसूस की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक आगामी दिनों में ठंड और बढ़ेगी। उत्तर-पूर्व से आ रही ठंडी हवा के असर से ठंड बढ़ रही है। गुरुवार को जिले का अधिकतम तापमान 30.2 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 2.3 डिग्री अधिक रहा। वहीं रात का पारा 19 डिग्री तक नीचे आ गया। यह 11 डिग्री रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य से 3.4 डिग्री से ज्यादा काम था। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तराखंड और कश्मीर हो रही बर्फबारी के असर से तापमान में गिरावट आई है। आगामी दिनों में पारा 10 डिग्री के नीचे पहुंच सकता है।



सस्ता सस्ता सस्ता
न्यु ओम ज्वेलर्स
शादी ब्याह में दुल्हनों के लिए एक से एक सुंदर वेरायटी के गहने उपलब्ध
जितने ग्राम सोना लेने पर उतने ही ग्राम की चांदी बिल्कुल फ्री
916 (22K), 833 (20K), 75 (18K) हॉलमार्क के गहने
अब बिल्कुल सस्ते दामों पर उपलब्ध
आज ही पधारें
सर्टिफाइड राशि रत्न उपलब्ध है
- 100% गारंटी सोना, चांदी, हीरा
- टोटल हाल मार्क जेवर
- स्पेशल पर्स, बैग फ्री
- रिपेयरिंग फ्री
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग




---

# साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन 18 से चलेगी, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

■ रेलवे ने जारी किया नई ट्रेन का टाइम टेबल

रेलवे ने शीतकालीन स्पेशल ट्रेन शुरू होने वाली है। इससे ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को कंफर्म बर्थ के साथ बेहतर सुविधा मिलने वाली है। मिली जानकारी के मुताबिक बिलासपुर-वलसाड-बिलासपुर के मध्य 4-4 फेरे के लिये साप्ताहिक शीतकालीन स्पेशल ट्रेन 18 दिसंबर से 8 जनवरी 2026 तक चलेगी। ट्रेन 08243 बिलासपुर-वलसाड शीतकालीन स्पेशल ट्रेन बिलासपुर से शुरु होने वाली है। ट्रेन 08244 वलसाड-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन वलसाड से 19 दिसम्बर से 9 जनवरी 2026 तक प्रत्येक शुक्रवार को यह चलेगी। दोनों दिशाओं में ट्रेन भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनादगाँव, डोंगरगढ़, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, बड़नेरा, अकोला, मल्कापुर, भुसावल, जलगाँव, अमलनेर, नंदूरबार, चलथान तथा भेसथान स्टेशनों में ठहराव दिया गया है। ट्रेन में 2 एसएलआरडी, 5 सामान्य, 10 स्लीपर, 2 थर्ड एसी, 1 एसी समेत कुल 20 कोच की सुविधा ट्रेन में है। ट्रेनों में 08243 बिलासपुर-वलसाड शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को बिलासपुर से 4 बजे रवाना होगी। भाटापारा आगमन 4.40 बजे, प्रस्थान 4.42 बजे, रायपुर आगमन 5.45 बजे, प्रस्थान 5.50 बजे, दुर्ग आगमन 6.50 बजे, प्रस्थान 6.52 बजे, राजनादगाँव आगमन 7.13 बजे, प्रस्थान 7.15 बजे, डोंगरगढ़ आगमन 7.38 बजे, प्रस्थान 7.40 बजे, गोंदिया आगमन 8.50 बजे, प्रस्थान 8.55 बजे रास्तों में ठहराव वाले स्टेशनों से होते हुये दूसरे दिन 1.50 बजे वलसाड पहुंचेगी। ट्रेन 08244 वलसाड-बिलासपुर शीतकालीन स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को वलसाड से 4.50 बजे रवाना होगी।

# सड़क हादसों में दो युवकों की मौत, वाहन चालक हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

दो अलग-अलग हादसों में दो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना सुपेला और मोहन नगर थाना क्षेत्र की है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि तेज रफ्तार ट्रक ने सड़क पार कर रहे युवक को चपेट में लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक युवक का नाम मनीष सिंह बताया गया है। जो उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ जिले के धुबिया गांव का रहने वाला था। मनीष मालवीय चौक के पास गर्म कपड़ों की दुकान में काम करता था। 3 दिसंबर की रात मनीष दुकान बंद करने के बाद सड़क पार कर सामने स्थित होटल में खाना खाकर वापस लौटते समय घटना हो गया।दुर्ग से रायपुर की ओर जा रहा ट्रक तेज गति से गुजर रहा था। तभी चालक ने सड़क पार कर रहे मनीष को वाहन ने चपेट में लिया। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। खबर लगते ही मनीष के दोस्त मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया। मनीष विवाहित था उसके दो बच्चे समेत परिवार है। सूचना लगने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बाइक अनियंत्रित होकर गिरी, अधेड़ की मौत

तेज रफ्तार से आ रहे बाइक चालक अनियंत्रित होकर गिर पड़ा घटना में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सुपेला पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम कोसा नगर निवासी रामबाबू महतो है। राम बाबू अपने बाइक से रफ्तार से अपने घर आ रहे थे। इस दौरान कोसानाला टोल प्लाजा के पास स्पीड ब्रेकर में बाइक अनियंत्रित होकर गिर पड़े। हादसे में राम बाबू के शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोट आई थी। जिसके कारण उनकी मौत होना बताया गया है।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

---

पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, नीता लोधी हुए शामिल

# जमीन के बाजार मूल्य में बढ़ोत्तरी के विरोध में विधायक देवेंद्र ने रखा उपवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

दुर्ग सहित प्रदेश में जमीन के बाजार मूल्यों में बढ़ोत्तरी की नई गाइडलाइन को लेकर भिलाईनगर के विधायक देवेंद्र यादव ने एक दिवसीय उपवास रखा। वे दुर्ग के गांधी पुतले के पास कार्यकर्ताओं के साथ धरने पर बैठे। इस दौरान पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व मेयर आरएन वर्मा, नीता लोधी, अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। देवेंद्र ने सरकार के तुगलकी फरमान के खिलाफ आवाज उठाने वाले आम नागरिक और व्यापारियों पर पुलिस प्रशासन द्वारा की गई लाठी चार्ज एवं कार्रवाई की निंदा की। साय सरकार के निर्णय पर सवाल उठाते हुए कहा कि दो वर्ष के कार्यकाल में इस सरकार ने केवल और केवल जनता की जेब से पैसा निकालने की योजना बनाई है। पहले इन्होंने बिजली बिल में 50 फीसदी की छूट को बंद कर आम लोगों की जेब से पैसा निकालने की नीति बनाई। फिर जमीन की कलेक्टर गाइड लाइन की दर में 10 फीसदी से लेकर 800 गुणा तक वृद्धि कर जमीन के व्यापार को खत्म करने का प्रयास किया गया है।



## सरकार के इस फैसले से जमीन का कारोबार हो जाएगा खत्म : देवेंद्र यादव

देवेंद्र ने कहा कि भाजपा सरकार के इस फैसले से न सिर्फ जमीन का कारोबार खत्म हो जाएगा, बल्कि गरीब किसानों और मध्यमवर्गीय परिवार की जमीन खरीदकर मकान बनाने का सपना भी टूट जाएगा। मंहगाई में जनता 500, 1000 से लेकर मुश्किल से 1200 वर्ग फीट का भूखंड खरीद पाती है, लेकिन नई गाइडलाइन से दरों में वृद्धि से उनका जमीन खरीदना मुश्किल हो जाएगा। किसान न तो खेती के लिए जमीन खरीद पाएगा और न ही आवश्यकता पड़ने पर उसे बेच पाएगा। गरीब किसान वर्ग अपनी आवश्यकतानुसार अपने जमीन की कुछ हिस्से की जमीन को बेच कर मकान, विवाह, बच्चों की पढ़ाई जैसे बड़े कार्य कर लेते थे। आम नागरिक, जिसके पास आवास नहीं है वह छोटे भू-खण्ड का टुकड़ा खरीदकर अपना मकान बना लेते थे। परंतु भाजपा की सरकार को आम लोगों की यह खुशी रास नहीं आई। दरों में 100 से 800 प्रतिशत तक की वृद्धि की गई।

## भाजपा डर और दबाव से शासन चलाना चाह रही

अरुण वोरा ने कहा कि व्यापारियों और आम लोगों पर लाठीचार्ज यह साबित करता है कि सरकार संवाद से नहीं, दबाव और डर से शासन चलाना चाहती है। सरकार यदि सचमुच जनविश्वास चाहती है, तो उसे इस जनविरोधी निर्णय को तत्काल वापस लेकर संवाद का रास्ता चुनना होगा। बता दें कि छत्तीसगढ़ में जमीन की नई गाइडलाइन की वजह से जमीन की कीमतें 5–6 गुना बढ़ गई हैं, जिसके खिलाफ प्रदेशभर के रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारी सरकार से गाइडलाइंस में बदलाव की मांग कर रहे हैं और जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान सभापति गिरवर बंटी साहू, सीजू एंथोनी, लक्ष्मीपति राजू, संदीप निरंकारी, साकेत चंद्राकर, एकांश बंछोर, लालचंद वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# हरियाली बनाए रखने फॉरेस्ट विभाग ने तस्करों पर दर्ज किए 39 अपराध

**धमधा और पाटन डिवीजन में वन विभाग की सतत निगरानी, 4 आरामिल को किया सीलबंद, 1 अवैध आरा मशीन राजसात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



वन संरक्षण को लेकर वन विभाग के सभी अमले द्वारा सतत प्रयास किया जा रहा है। धमधा और पाटन डिवीजन में वन संरक्षण प्रणाली मजबूत करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में सघन निरीक्षण कर अवैध गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगा रही है। सभी आरा मशीनों और बीट क्षेत्रों में नियमित निरीक्षण रोस्टर के अनुसार किया जा रहा है। मुख्य वन संरक्षक द्वारा निर्धारित रोस्टर अनुसार आरामिलों का प्रति माह उप वन मंडलाधिकारी, परिक्षेत्र अधिकारी और सहायक परिक्षेत्र अधिकारी आरामिलों का निरीक्षण कर रहे हैं, जिससे पारदर्शिता और नियंत्रण व्यवस्था बेहतर हुई है।

वन विभाग द्वारा किए गए सक्रिय प्रयासों का परिणाम यह रहा कि जनवरी 2025 से अब

- हरे-भरे पेड़ों को काटने वाले लोगों के खिलाफ चलाया जा रहा अभियान

तक 39 वन अपराध प्रकरण दर्ज किए गए हैं, जिसमें लगभग 4 लाख रुपये का मुआवजा वसूला गया है। इसके साथ ही अनुमानित 1028 नग (67.548 घन मीटर) व 15 जलाऊ चट्टा काष्ठ शासन के हित में जमा कराया गया है। विभाग ने 04 आरामिलों को सीलबंद किया है, जिनमें से 01 अवैध आरा मशीन को राजसात भी किया गया है। वन विभाग क्षेत्र में अवैध कटाई और परिवहन को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है और लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रहा है। अवैध परिवहन के तहत अपराध पाए जाने पर अपराध पंजीबद्ध कर संबंधित अभियुक्त से मुआवजा की राशि वसूल कर प्रतिबंधित काष्ठों की जप्ती की जाती है एवं छूट प्रजाति के काष्ठों को निर्मुक्त किया जाता है। वन संरक्षण के लिए वन विभाग के सभी अमले मिलकर काम कर रहे हैं, जिससे प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा को बढ़ावा मिल रहा है।

## धमधा ब्लॉक में सामु. भवन, तालाब सौंदर्यीकरण के लिए 48 लाख स्वीकृत

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2025-26 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार जनपद पंचायत अंतर्गत अधोसंरचना निर्माण कार्य के लिए 48.28 लाख रुपए की अनुशंसा की गई है। अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग धमधा द्वारा प्रेषित तकनीकी स्वीकृति के आधार पर अनुशंसित कार्य को संपादित कराए जाने हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजरंग कुमार दुबे से प्राप्त जानकारी अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अरसी के देवांगन पारा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6.50 लाख, ग्राम हिर्री के विश्वकर्मा चौक में सीसी रोड निर्माण के लिए 2.60 लाख, बड़े पुरदा के माखन लाल साहू के घर पास रंगमंच निर्माण के लिए 3 लाख, रूहा पेन्ड्री के जितेन्द्र घर के पास रंगमंच निर्माण हेतु 3 लाख रुपए शामिल है।

## खबर संक्षेप

### पीएम आवास की लॉटरी 12 को निगम सभागार में



भिलाई। शासन की महत्वकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एएचपी आवास मोर मकान-मोर आस एवं मोर मकान-मोर चिन्हारी संचालित किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के मकानहीन परिवारों से मकान हेतु आवेदन जमा कराया गया है। आवासों का सक्षम स्वीकृति प्राप्त कर कुल अंशदान राशि का 10 प्रतिशत राशि तथा बेदखली व्यवस्थापन हेतु हितग्राही अंशदान 75 हजार निगम कोष में नियमानुसार जमा कराया जा रहा है। निगम सभागार कक्ष में 12 दिसंबर को दोपहर 12:30 बजे लाटरी आयोजित किया गया है। लाटरी में वरिष्ठ नागरिको एवं दिव्यांगजनों को प्राथमिकता के आधार पर भूतल के आवास तथा अन्य आवेदकों को आवास आबंटित किया जाना है। हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होकर लाटरी में शामिल हो सकते है।

### पटेल चौक से जवाहर चौक तक 20 लाख से सड़क का डामरीकरण

दुर्ग। वार्ड-30 में पटेल चौक पेट्रोल पंप से तहसील ऑफिस होते हुए जवाहर चौक तक 20.35 लाख रुपये की लागत से डामरीकरण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि पूजन किया गया। महापौर अलका बाघमार ने कहा हमारा लक्ष्य दुर्ग शहर की सभी प्रमुख सड़कों को मजबूत, सुरक्षित और सुगम बनाना है। पटेल चौक से तहसील ऑफिस मार्ग अत्यंत व्यस्त रूट है। यहां डामरीकरण से लोगों को राहत मिलेगी और दुर्घटनाओं की संभावनाएं कम होंगी। निगम की प्राथमिकता है कि सभी विकास कार्य गुणवत्ता और पारदर्शिता के साथ समय पर पूरे हों। हम हर वार्ड में संतुलित विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। मौके पर सभापति श्याम शर्मा मौजूद थे।

### चाइनीज मांझा जब्त, दो दुकानदारों पर कार्रवाई



दुर्ग। शहर में चाइनीज़ मांझा के बढ़ते उपयोग और उससे होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए नगर निगम एक बार फिर सख्त रुख अपनाने जा रहा हैं। आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर मांझा रोकथाम के लिए एक संयुक्त टीम का गठन किया है, जो पूरे शहर में अभियान चलाकर दुकानों एवं गोदामों में छापामार कार्रवाई करेगी। टीम ने फरिश्ता कम्प्लेक्स के पास सन्नी पतंग और सोलंकी पतंग दुकान पहुचकर दुकानों में मांझा की जांच की। इस दौरान प्रतिबंधित मांझा जब्त किया गया। शहर क्षेत्र अंतर्गत निरन्तर निगम के बाजार विभाग और अतिक्रमण विभाग की संयुक्त टीम अब शहर में घूम-घूमकर चाइनीज़ मांझा की खरीद-फरोख्त, परिवहन, भंडारण और उपयोग पर निगरानी रखेगी तथा नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई शुरू की गई है।

## वार्ड-9 राजीवनगर

- नालियों में अतिक्रमण की वजह से संक्रमण का खतरा
- हड्डी गोदाम के पीछे 250 फीट नाली निर्माण की मांग
- अवैध नल कनेक्शन से की जा रही पानी की सप्लाई

# गौतम नगर में शौचालय नहीं, दो साल पहले जर्जर बताकर तोड़ा, नया अब तक नहीं बना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**वार्ड परिक्रमा**

वार्ड 9 राजीवनगर सुपेला में सड़कों की खराब स्थिति, अवैध कब्जे, नालियों की गड़बड़ी, शौचालय और सामुदायिक भवन की कमी जैसी गंभीर समस्याएं सामने आई हैं।

राजीव नगर सुपेला वार्ड 9 में बुनियादी परेशानियां सालों से जस की तस पड़ी हैं। गौतम नगर में सार्वजनिक सुलभ शौचालय नहीं है। लोग रोजमर्रा की जरूरत के लिए भी इधर उधर भटक रहे हैं। सामुदायिक भवन भी नहीं है। छोटे आयोजनों के लिए मोहल्ले के लोग दूसरे इलाकों पर निर्भर हैं। कई जगह सड़कें बुरी तरह उखड़ी पड़ी हैं। क्रिश्चियन पब्लिक स्कूल के पीछे महाराज गली की सड़क की हालत सबसे खराब है। यही सड़क आगे निजामी चौक जाती है। नालियों का डिजाइन भी बिगड़ा हुआ है। पानी आगे नहीं बढ़ पाता और बरसात में वही पानी सड़क पर बहता है। वार्ड की सबसे बड़ी समस्या नालियों पर किए गए अवैध कब्जे हैं। कब्जे की वजह से नालियों की सफाई सालों से अटकी हुई है। कई लोगों ने दुकान और घर के सामने अवैध निर्माण कर सड़क को और संकीर्ण कर दिया है। हड्डी गोदाम के पीछे नाली निर्माण बेहद जरूरी है। नाली न होने से गंदा पानी सीधे सड़क पर फैल जाता है और बरसात में हालात और खराब हो जाते हैं। वार्ड में कई जगह अवैध नल कनेक्शन भी मिले। प्लास्टिक पाइप डालकर चोरी छिपे पानी की सप्लाई ली जा रही है।

### नालियों पर भी लोगों ने कर रखे हैं अवैध निर्माण, सड़कें हुईं छोटी



### वार्डवासियों ने कहा- मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं

#### 35 साल पुराना शौचालय टूटा लेकिन नया अब तक नहीं बना

गौतम नगर के लोग पिछले दो साल से



एक बुनियादी जरूरत का इंतजार कर रहे हैं। यहां 35 साल पुराना सार्वजनिक सुलभ शौचालय जर्जर हालत के कारण तोड़ दिया गया था। उसके बाद से नया शौचालय अब तक नहीं बनाया गया। गौतम नगर निवासी संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि शौचालय टूटने के बाद कई बार जनप्रतिनिधियों को मांग रखी गई। आश्वासन मिलते रहे, लेकिन निर्माण शुरू नहीं हुआ। इसके कारण इलाके के लोगों को रोजमर्रा की जरूरतों के लिए भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आबादी घनी है और वैकल्पिक व्यवस्था न होने से हालात मुश्किल बनते जा रहे हैं।

#### सड़कों की हालत बेहद खराब

राजू शर्मा ने बताया कि घर के सामने की सड़क वर्षों से



जर्जर स्थिति में है। सड़क इतनी खराब है कि आए दिन लोग फिसलकर चोट खा रहे हैं। मोहल्ले में बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। घर के पास नाली का निर्माण तो हुआ, लेकिन काम सही तरीके से नहीं किया गया। ढलान गलत है, पानी आगे नहीं जा पाता और नाली हमेशा गंदे पानी से भरी रहती है। इससे आसपास बदबू, गंदगी और मच्छरों की समस्या भी बढ़ गई है।

#### नली में पानी जाम और बदबू से परेशान

नकुल वर्मा ने बताया कि हड्डी गोदाम के पीछे की हालत हर



दिन लोगों की परेशानी बढ़ा रही है। यहां करीब 250 फीट पक्की नाली की जरूरत है। अभी कच्ची नाली है, जो सही तरह से काम ही नहीं करती। पानी हमेशा जाम रहता है और वही गंदा पानी सड़क पर बहने लगता है। बरसात में हालात और बिगड़ जाते हैं। सड़क पर पानी भर जाता है और रास्ता चलने लायक नहीं रहता। सफाई कर्मचारी भी इस कच्ची नाली को साफ करने में मुश्किलों का सामना करते हैं।

#### सामुदायिक भवन की मांग



वार्ड 9 की बिंदा टंडन, नेहा साहू और कला साहू का कहना है कि उनके इलाके में एक बड़ी जरूरत अभी तक पूरी नहीं हुई है। वार्ड में सामुदायिक भवन नहीं है, जिसकी वजह से छोटे आयोजनों के लिए जगह तलाशना पड़ता है। इनका कहना है कि शहर के ज्यादातर वार्डों में सामुदायिक भवन मौजूद हैं और वहां लोग सामाजिक कार्यक्रम आसानी से करते हैं, लेकिन उनके वार्ड में ऐसी कोई सुविधा नहीं है। शादी की छोटी रस्में हों, जन्मदिन हो या सामाजिक बैठक, हर बार लोगों को दूसरे इलाकों का रुख करना पड़ता है। स्थानीय महिलाओं ने कहा कि वार्ड में एक सामुदायिक भवन जरूरी है, ताकि लोग अपनी जरूरत के कार्यक्रम बिना परेशानी आयोजित कर सकें। उनकी मांग है कि इसे जल्द प्राथमिकता देकर पूरा किया जाए।

#### प्रस्ताव भेजा

नाली निर्माण के लिए 9.94 लाख रुपए और सड़क संधारण के लिए 16.44 लाख रुपए का प्रस्ताव पारित हुआ है। जर्जर सड़कों से लोगों को जल्द मुक्ति मिलेगी। सार्वजनिक सुलभ शौचालय के लिए प्रस्ताव भेजा गया है जो दो साल से लंबित है।। क्षेत्र के कई जगह पर नालियों के ऊपर अवैध कब्जा किया गया है। शीघ्र की इन अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जाएगी। अवैध नल कनेक्शन पर नगर निगम प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। पार्षद निधि से 11 स्टील के बेंच का निर्माण कराया जा रहा है। इसे अलग-अलग स्थानों पर लगाया जाएगा।

**-रानू साहू,** पार्षद वार्ड 7 राजीव नगर सुपेला

## एनएचएम के कर्मियों ने की मिशन डायरेक्टर से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने नए स्वास्थ्य संचालक संजीव झा से सौजन्य मुलाकात की। पदाधिकारियों ने राज्य के नए स्वास्थ्य संचालक सह मिशन संचालक को वस्तु स्थिति से अवगत कराया। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल ने संघ की विभिन्न लंबित मांगों एवं संगठन से संबंधित मुद्दों पर भी सौहार्दपूर्ण चर्चा की। इसी क्रम में संघ पदाधिकारियों ने बताया कि गत दिवस स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने एक कार्यक्रम में यह आश्वासन दिया था कि हड़ताल अवधि में बर्खास्त किए गए कर्मचारियों की जल्द बहाली की जाएगी, लेकिन अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इस दौरान संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित कुमार मिरी, कौसलेश तिवारी, पुरन दास, दिनेश चंद्र खर्कवाल, संतोष कुमार चंदेल, डॉ. आलोक शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।


बता दें कि पिछले दो माह से वेतन नहीं मिलने से एनएचएम के 16 हजार से अधिक कर्मियों में निराशा है। सामाजिक-आर्थिक संकट में धकेल दिया है,परिवार के

- पिछले दिनों ही संभाला है पदभार, एनएचएम कर्मी फिर आंदोलन की तैयारी में

भरण-पोषण, बच्चों की शिक्षा, किराया/बैंक किस्त भुगतान तथा दैनिक आवश्यकताओं को पूरा करना अत्यंत कठिन हो गया है, जिससे कर्मचारियों में मानसिक तनाव और असंतोष तेजी से बढ़ रहा है। वहीं बर्खास्त कर्मियों की अब तक बहाली नहीं हो पाई है। इसे देखते हुए एनएचएम कर्मी एक बार फिर हड़ताल पर बैठने की तैयारी में है। हालांकि इस पर अंतिम मुहर नहीं लग पाई है। दुर्ग जिला अध्यक्ष डॉ आलोक शर्मा ने बताया कि हम लगातार समस्याओं से शासन को अवगत करा रहे हैं। जल्दी समाधान नही निकलने पर ये फिर से हड़ताल करने मजबूर होंगे, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## रेलवे स्टेशन में बोर्ड बदलने तैयारी शुरू

भिलाई। भिलाई नगर रेलवे स्टेशन में इस्पात नगरी भिलाई के इतिहास को



तैयार बोर्ड पर ढक दिया कपड़ा।

गलत चित्रित करते हुए रेलवे का लगाया बोर्ड अब बदलेगा। रेलवे ने नए सिरे से तथ्यों को लिखकर वहां बोर्ड लगाने की तैयारी कर ली है। जिसमें बुधवार को पुराना बोर्ड वहां से हटा लिया गया है और बोर्ड की जगह पर परदा डाल दिया गया है। उल्लेखनीय है कि अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत भिलाई नगर रेलवे स्टेशन का कायाकल्प किया गया है। जल्द ही इसका लोकार्पण होना है लेकिन इसके पहले रेलवे प्रशासन ने यहां इस स्टेशन के इतिहास से जुड़ी जानकारी देने हड़बड़ी में एक बोर्ड लगाया था। जिसमें न तो इस स्टेशन के सुपेला से भिलाई नगर नामकरण किए जाने की जानकारी थी न ही यहां उतर चुकी राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री जैसी हस्तियों का कोई उल्लेख था। हरिभूमि ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और इसके बाद स्थानीय विधायक देवेंद्र यादव व अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी इस पर आपत्ति करते हुए रेलवे मंत्रालय व रेलवे बोर्ड को पत्र लिखा। अंततः हफ्ते भर बाद रेलवे ने यह सही जानकारी का उल्लेख करत हुए बोर्ड लगाने की तैयारी शुरू कर दी है।

## खरीफ और रबी फसल के लिए अल्पकालीन लोन तय करने बैठक, तय की गई दरें




हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह की उपस्थिति में गुरुवार को जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के सभागार में दुर्ग, बेमेतरा, बालोद के कृषकों की वर्ष 2026-27 के लिए फसल उत्पादन अल्पकालीन फसल लोन निर्धारण को लेकर बैठक हुई। बैठक में विभिन्न प्रकार के फसल उत्पादन हेतु कृषि विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ एवं उन्नतशील कृषकों द्वारा विचार मंथन किया गया। फसल उत्पादन हेतु प्रति हेक्टेयर होने वाली व्यय के संबंध में कृषि विभाग व उद्यानिकी विभाग द्वारा प्रस्तुत जानकारी अनुसार खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का निर्धारण किया गया। इसे राज्य स्तरीय तकनीकी समूह को प्रेषित किया जायेगा।

बैठक में प्रति हेक्टेयर धान सिंचित के लिए 65 हजार, असिंचित 48 हजार, सोयाबीन 53,900, चना 46,200, गेंहू 50 हजार, गन्ना 1.20 लाख, अरहर 45100, जिमीकंद 1.60 लाख, मत्स्य पालन 1.87 लाख, गौपालन 40800 प्रति गाय, भैंसपालन 47300 प्रति भैंस, भेड़पालन 48400 प्रति भेड़, मक्का 60 हजार, कपास 60 हजार, ग्रीष्मकालीन धान 48 हजार, सूरजमुखी 28600 रुपए प्रस्तावित किया गया। टमाटर, मशरूम, शिमला मिर्च आदि खरीफ व रबी फसलों के लिए वर्ष 2026-27 के लिए ऋणमान का

- कलेक्टर की अध्यक्षता में बैंक सभागार में हुई बैठक

निर्धारण कर प्रस्तावित किया गया। बैठक में संदीप भोई उप संचालक कृषि, संतोष पाटले उप आयुक्त सहकारिता, हृदेश शर्मा सीईओ, कुसुम ठाकुर पर्यवेक्षक, प्रीतपाल बेलचंदन पूर्व अध्यक्ष, पूर्व संचालक शिव कुमार चन्द्राकर, एसके जोशी पशुधन, नारायण सिंह उद्यानिकी, डॉ. भारतेष शर्मा, डीडी झा, सुमंत चंद्रवंशी, दीपक चन्द्राकर, प्रेमलाल नायक, पुरेन्द्र चन्द्राकर, पवन जैन, भगवान सिंह चन्द्राकर, योगेन्द्र दिल्लीवार सहित अन्य मौजूद थे।

## आईआईटी ने औद्योगिक सल्फर वेस्ट से तैयार किया साफ पानी

दुर्ग। आईआईटी भिलाई के वैज्ञानिकों ने एक ऐसी पॉलिमर तकनीक विकसित की है, जो औद्योगिक सल्फर कचरे का उपयोग जल प्रदूषण से निपटने में करती है। शोध टीम भनेन्द्र साहू, सुदीप्त पाल, प्रियंक सिन्हा और डॉ. संजीब बनर्जी ने एक धातु-रहित, पर्यावरण-अनुकूल पॉलिमराइजेशन प्रक्रिया विकसित की है, जो कम मूल्य वाले सल्फर वेस्ट को सल्फर-डॉट्स (एस-डॉट्स) में परिवर्तित करती है। ये एस-डॉट्स उन्नत स्मार्ट पॉलिमरों के निर्माण में हरित फोटोकैटलिस्ट के रूप में कार्य करते हैं।

यह कार्य अनुप्रयुक्त रसायन अंतर्राष्ट्रीय संस्करण में प्रकाशित हुआ है। यह नवाचार दो प्रमुख सामाजिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है। औद्योगिक सल्फर वेस्ट का प्रबंधन और प्रदूषित जल से हानिकारक हाइड्रोफोबिक प्रदूषकों को हटाना।

पेट्रोलियम रिफाइनिंग, कोयला प्रसंस्करण और रासायनिक उद्योगों से निकलने वाला सल्फर वेस्ट अकसर निपटान और पर्यावरण संबंधी समस्याएं पैदा करता है। इस वेस्ट को उच्च-मूल्य वाले एस-डॉट्स में बदलकर आईआईटी भिलाई की टीम ऐसे मल्टी-आर्म स्टार पॉलिमर्स का निर्माण करने में सक्षम हुई है, जिनमें जल शुद्धिकरण की उत्कृष्ट क्षमता है। यह तकनीक जल जीवन मिशन, पर्यावरण पुनर्स्थापन कार्यक्रमों और सतत औद्योगिक प्रथाओं जैसे राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप है।

## सेवा सुशासन के दो साल बेमिसाल, मंत्री गजेन्द्र यादव ने सीएम का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



प्रदेश सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग की जनता को शुभकामनायें दी है। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया है। दुर्ग को विकसित बनाने की दिशा में निरंतर कार्यरत है।

खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित नगर विकास को लेकर दो साल में करोड़ों की राशि शासन से स्वीकृति मिली है, जो दुर्ग की जनता का भाजपा पर विश्वास का परिणाम है। गजेन्द्र यादव ने दुर्ग शहर के जनता के मांग और जनता के सुविधाओ को बढ़ावा देने लगातार कार्यरत है। खेल की दिशा में बैडमिंटन कोर्ट का

- विकास कार्यों के लिए शासन से मांगा फंड


लोकार्पण तथा स्विमिंग पुल और उरला स्टेडियम निर्माण अंतिम चरण पर है, 20 से अधिक स्थान पर डोम शेड, शासकीय स्कूलो में संधारण, किसान भवन, शादी ब्याह जैसे बड़े आयोजन के लिए कई वार्ड में करोड़ों की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण जारी है, आवागमन को बेहतर बनाने दुर्ग निगम क्षेत्र के लगभग सभी वार्ड सीमेंटीकरण सड़क। दुर्ग वासियों को रात्रि में सुरक्षित आवागमन हेतु बिजली पोल में लाइट्स लगाने विधायक निधि से 80 लाख की स्वीकृति। नये बसाहट वाले कॉलोनी में 1100 से अधिक बिजली पोल सह लाइन का विस्तार किया गया। आईटी के क्षेत्र में दुर्ग एक नए युग की शुरुआत करने आईआईटी भिलाई एवं छत्तीसगढ़ सरकार के मध्य आईटी पार्क स्थापना हेतु एमओयू किया गया। सड़कों का चौड़ीकरण करने शासन से करोड़ों की राशि स्वीकृति मिल चुकी है।

**दुर्ग जिला जल संरक्षण में अग्रणी, सोक पिट निर्माण ने बढ़ाया भू जल स्तर**

# मोर गांव मोर पानी अभियान 8 से, लोगों को करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिले में 8 दिसंबर से मोर गांव मोर पानी अभियान की शुरुआत होने जा रही है। जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन का रूप देने के लिए 8 दिसंबर को बड़े पैमाने पर गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है। अभियान के अंतर्गत वर्षा जल संचयन और भू-जल पुनर्भरण को बढ़ावा देने के लिए जिले में रिकॉर्ड स्तर पर सोक पिट निर्माण किया जा रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत 4312 आवासों में सोक पिट बनाए जा रहे हैं। इनमें जनपद धमधा 2115, जनपद दुर्ग, 942,जनपद पाटन 1255 सोक पिट निर्माण कार्य प्रगति पर है। इसके



अलावा ग्रामीण स्कूल परिसरों में 1105 तथा स्व-सहायता समूहों अपने घरों में व कार्यालय एवं परिसरों में 7000 सोक पिट का निर्माण किया जा रहा है। ये संरचनाएं वर्षा जल को धरातल में समाहित कर भू-जल स्तर बढ़ाने में कारगर सिद्ध हो रही हैं।

### जल संरक्षण से बढ़ाया जा सकता है भूजल स्तर

अभियान के तहत वर्षा जल संचयन तकनीकों के उपयोग से जल संरक्षण दिशा में कदम है। ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान, मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के समन्वित प्रयासों से जल संरक्षण को नई दिशा मिल रही है। सीईओ बजरंग कुमार दुबे ने बताया कि जिले की सभी जनपद पंचायतों में सोक पिट निर्माण तेजी के साथ किया जा रहा है, जिससे वर्षा जल संचयन और भूजल पुनर्भरण में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान जिले में जल सुरक्षा एवं संसाधन प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। यह अभियान जिल दुर्ग की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य पारंपरिक जल स्रोतों का पुनर्जीवन, वर्षा जल संचयन, भूजल स्तर में वृद्धि तथा जल संरक्षण के लिए सामुदायिक सहभागिता को मजबूत करना है।

## खबर संक्षेप



### डुंडेरा में घासीदास जयंती 20 दिसम्बर को

**उतई।** उतई-ग्राम डुंडेरा में सतनामी समाज द्वारा शास्त्री चौक में बाबा गुरु घासीदास जयंती का आयोजन 20 दिसम्बर शनिवार को किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए सतनामी समाज के पदाधिकारियो ने समाज के लोगो के साथ बैठक कर रूप रेखा बनाई। गुरु घासीदास जयंती के संबंध में सतनामी समाज डुंडेरा के अध्यक्ष कीर्तन लाल कोसरे ने बताया कि इस इस दौरान ग्राम गोड़पेंड्री के जय सतनाम रशिली पंथी पार्टी की प्रस्तुति के साथ पालो चढ़ाव का कार्यक्रम होगा। बैठक में सतनामी समाज के अध्यक्ष कीर्तन लाल कोसरे, नगर निगम रिसाली के पूर्व एल्डरमेन तरुण बंजारे, नरेंद्र कोसरे, ओमप्रकाश कोसरे, प्रदीप बंजारे, राधेश्याम सोनवानी, ओमप्रकाश बंजारे, डेरहा राम जांगड़े, टोपेन्द्र कोसरे, गंगा मनहर, राजेन्द्र कोसरे, गोवर्धन कोसरे, संतोष महिलांगे, विक्की मनहर,राजू कोसरे गोपाल कोसरे और दिनेश बंजारे उपस्थित थे।

### करों के भुगतान की अपील

**कुम्हारी।** नगरपालिका परिषद द्वारा पालिका क्षेत्रान्तर्गत निवासरत आम नागरिकों, दुकानदारों एवं व्यापारियों से करों के भुगतान की अपील की है। जिसमें कहा गया है कि नागरिक अपने मकान, दुकान एवं व्यवसाय का संपत्तिकर, समेकितकर, शिक्षा उपकर, जलकर एवं यूजर चार्ज की बकाया एवं चालु वर्ष की राशि जल्द से जल्द कार्यालयीन अवधि में राजस्व शाखा में जमा कर रसीद प्राप्त कर लेवें, कर की राशि का भुगतान नही किये जाने की स्थिति में शासन द्वारा किये जाने वाले अप्रिय कार्यवाही एवं अधिभार की राशि जमा करने से बचें।

## निधन

### निर्मला अग्रवाल



**दुर्ग।** मुक्तनगर निवासी आदर्श कन्या विद्यालय की प्रधान पाठिका निर्मला अग्रवाल का गुरुवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 5 दिसंबर को दोपहर 12 बजे शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे हॉकी खिलाड़ी आलोक और अंशु की मां थीं।

### भाव्या उइके



**दुर्ग।** शंकर नगर निवासी भाव्या उइके 7 वर्ष का निधन 3 दिसंबर को हो गया। उनका अंतिम संस्कार उरला मुक्तिधाम में किया गया। वे दिलीप उइके व अर्चना उइके की बेटी थी। और मनोज उइके की भतीजी थी।

# शैक्षणिक भ्रमण में आध्यात्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यावरण की ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुम्हारी



विचक्षण जैन विद्यापीठ ने कक्षा 5 वीं से 9 वीं तक के बच्चों को तीन दिवसीय वार्षिक शैक्षणिक एवं आध्यात्मिक यात्रा करवाई। इस वर्ष विद्यार्थियों ने जैन दादावाड़ी इंदोरा में आयोजित प्रतिष्ठा महोत्सव में भी सहभागिता की, जहाँ उन्हें महेंद्रसागर महाराज एवं मनीषसागर से मिलने, उनका आशीर्वाद प्राप्त करने तथा उनके उपदेशों से आध्यात्मिक ज्ञान अर्जित करने का अवसर मिला। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में आध्यात्मिक जागरूकता, पर्यावरणीय समझ तथा वन्यजीवन संरक्षण के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना था।

यात्रा के दौरान छात्रों ने भद्रावती स्थित जैन तीर्थ का दर्शन किया, जहाँ उन्होंने जैन धर्म के सिद्धांतों, अहिंसा, सत्य, अनुशासन और शांति से जुड़े महत्वपूर्ण मूल्यों का अध्ययन किया। इसके उपरांत विद्यार्थियों ने चंद्रपुर बॉटनिकल गार्डन का दौरा किया, जहाँ उन्होंने विभिन्न पौधों, दुर्लभ वनस्पतियों तथा पर्यावरण संरक्षण के महत्व को नज़दीक से समझा।

यात्रा के अंतिम चरण में छात्र बालासाहेब ठाकरे गोरेवाड़ा अंतरराष्ट्रीय चिड़ियाघर पहुँचे। यहाँ बच्चों ने अनेक प्रजातियों के पशु-पक्षियों, उनके प्राकृतिक आवास, जीवनशैली और संरक्षण संबंधी प्रयासों को प्रत्यक्ष रूप से देखा और जाना। यह अनुभव उनके लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं रोचक रहा।

### सुरक्षा की दृष्टि से किया गया, अग्नि में कामगार साबित होगा

# ट्रेनों में लगेगा फायर डिटेक्शन सिस्टम और हैंड ब्रेक इंडिकेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के यांत्रिक विभाग ने यात्री सुरक्षा, संचालन दक्षता और विश्वसनीयता को मजबूत करते हुए एसी कोचों में फायर डिटेक्शन सिस्टम , गार्ड वैन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्था की गई। इसमें तकनीकी सुधार सफलतापूर्वक लागू किया हैं। ये दोनों पहलें रेलवे सुरक्षा मानकों को नई ऊंचाई प्रदान करती हैं और यात्रियों के प्रति भारतीय रेल की प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं। फायर डिटेक्शन सिस्टम एक स्वचालित धुआं पहचान एवं अलर्ट व्यवस्था है। जिसे एसी कोचों में यात्रियों की सुरक्षा करने के लिए विकसित किया गया है। सिस्टम के माध्यम से धुआं या आग की प्रारंभिक उपस्थिति का तुरंत पता लगता है। अलार्म सक्रिय हो जाता है, जिससे त्वरित कार्रवाई संभव होती है। ट्रेन के कोच के भीतर संभावित आग धुआं स्थिति की त्वरित जानकारी, जोखिम कम करने व समय पर कार्रवाई सुनश्चिति करने में सहायक यात्रियों एवं ट्रेन स्टाफ की सुरक्षा जागरूकता में वृद्धि होगी।

दुर्ग कोचिंग डिपो द्वारा इस उन्नत फायर डिटेक्शन सिस्टम को राज्योत्सव 2025 में प्रमुख रूप से प्रदर्शित किया। मॉडल को व्यापक सराहना मिली। आगंतुकों को सिस्टम के डिजाइन, कार्य-सिद्धांत और अलर्ट तंत्र की प्रत्यक्ष जानकारी प्रदान की गई। रेलवे की अग्नि सुरक्षा तकनीकों के प्रति आमजन की जागरूकता में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई।

### गार्ड वैन में हैंड ब्रेक

रेलवे ने कोचिंग डिपो बिलासपुर द्वालएचबी गार्ड वैन में ट्रेन मैनेजर (गार्ड) के केबिन में हैंड ब्रेक इंडिकेटर की व्यवस्था की गई है। यह सुधार ब्रेक संचालन की निगरानी को सरल और अधिक विश्वसनीय बनाता है। जिससे ट्रेन संचालन में सुरक्षा को नई मजबूती मिलती है। जिसमें हैंड ब्रेक रिलीज की सीधी मॉनिटरिंग होती रहेगी। ट्रेन मैनेजर को केबिन से ही ब्रेक की वास्तविक स्थिति का पता चलता है। जिससे गलतियों की संभावना कम होती है। ब्रेक संचालन में सुधार एवं स्टाफ के कार्यभार में कमी

# मच्छर जनित रोगों का उन्मूलन करने हजारों घरों का किया सर्वेक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

निगम क्षेत्रांतर्गत नागरिकों को मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया से सुरक्षित रखने के लिए आयुक्त राजीव कुमार पांडेय के निर्देशों पर एक व्यापक जन जागरूकता और मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम जोर-शोर से चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत निगम का विशेष दस्ता और जिला मलेरिया विभाग के सर्वेलेंस कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम घर-घर जाकर सर्वेक्षण कर रही है और मच्छर प्रजनन स्त्रोतों को समाप्त करने का कार्य कर रही है।

### 16168 घरों की जांच की टीम ने

निगम द्वारा गठित विशेष दस्ता के नेतृत्वकर्ता वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक के.के. सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि 1 अप्रैल 2025 से 30 नवंबर 2025 तक चलाए गए सघन अभियान के दौरान महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गई हैं। कुल सर्वेक्षण किए गए घर 16,168 जांच किए गए और खाली कराए गए मच्छर प्रजनन स्रोत कुल 8,825, कूलर 3,327, टंकी 2,370 ड्रम/कंटेनर 3,096 अन्य स्रोत से 32 लार्वा नियंत्रण हेतु छिड़काव 13,253 घरों के 8,864 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। 19,125 कूलरों में पानी मिश्रित मैलाथियान का छिड़काव कार्य कराया गया।

### मच्छर न दे पनपने -आयुक्त

निगम आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने इस अवसर पर नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि, मच्छर अपने जीवन काल की प्रारंभिक तीन अवस्थाएं - अण्डा, लार्वा और प्यूपा - पानी में ही पूरी करते हैं। मच्छरों को व्यस्क अवस्था में पहुँचने से पूर्व ही प्रारंभिक स्तर पर मच्छर प्रजनन स्रोतों को समाप्त करना सबसे प्रभावी बचाव है। उन्होंने मच्छरों के पनपने के स्थान को खत्म करने के लिए उपाय करने की अपील की जिसमें पानी संग्रहण पात्रों को ढंककर रखें। कूलर, टंकी, ड्रम या कंटेनर में संग्रहित पानी को सप्ताह में कम से कम एक दिन अवश्य खाली कर/सूखाकर ही नया पानी भरकर उपयोग करें। घर के आसपास पानी का जमाव नहीं होने दें। यदि पानी जमा होता है, तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल अवश्य डालें, ताकि व्यस्क मच्छरों की उत्पत्ति न हो सके। आयुक्त ने कहा है कि मच्छर उन्मूलन कार्यक्रम में आम नागरिकों के सक्रिय सहयोग से ही डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों से पूरी तरह बचा जा सकता है।

### अन्नपूर्णा मुहिम के तहत रात्रे परिवार को मिली पाँचवीं बार राहत

**सेलुद।** संत रामपाल महाराज के निर्देशन में चल रही अन्नपूर्णा मुहिम के अंतर्गत सेवा कार्य निरंतर जारी है। इसी क्रम में ग्राम जामगांव एम, तहसील पाटन जिला दुर्ग में जरूरतमंद परिवार को पाँचवीं बार राहत सामग्री पहुँचा कर सहायता प्रदान की गई। ग्राम की निवासी आशा बाई रात्रे के पति राकेश रात्रे का निधन हो चुका है। इनके छोटे छोटे दो बच्चे है पिछले लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से गुजर रही हैं। परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए संत रामपाल महाराज के अनुयायियों ने अन्नपूर्णा मुहिम के माध्यम से उनके घर पहुँचकर लगातार पाँचवीं बार राशन सामग्री एवं दैनिक उपयोग की आवश्यक वस्तुएँ दीं।

सेवकों ने बताया कि संत रामपाल महाराज के मार्गदर्शन में अन्नपूर्णा मुहिम के तहत कलयुग में सतयुग की शुरूआत हो गई है जिसमें रोटी, कपड़ा, चिकित्सा, शिक्षा जैसी मूलभूत सेवाएँ समाज के जरूरतमंद परिवारों तक निरंतर पहुँचाई जा रही हैं।

# बीएसपी ने नवंबर में शानदार उत्पादन का रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र ने नवंबर 2025 में शानदार उत्पादन प्रदर्शन दर्ज करते हुए कई प्रमुख उत्पादों में पूर्व के रिकॉर्ड तोड़ दिए। संयंत्र की लगभग सभी प्रमुख उत्पादन इकाइयों में ऑल-टाइम बेस्ट तथा नवंबर माह के सर्वोच्च उत्पादन स्तर हासिल हुए, जो संयंत्र की मजबूत ऑपरेशनल डिसिप्लिन, प्रक्रियागत उत्कृष्टता तथा निरंतर उत्पादकता वृद्धि के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ब्लास्ट फर्नेस-8 में हॉट मेटल उत्पादन 2,44,815 टन तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष नवंबर के 2,43,130 टन से अधिक है। संयंत्र का कुल हॉट मेटल उत्पादन भी बढ़कर 5,12,081 टन हो गया, जबकि नवंबर 2022 में यह 5,05,761 टन था। स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में कास्ट स्टील उत्पादन 3,02,127 टन रहा, जो नवंबर 2023 के 3,00,840 टन से अधिक है। बिलेट उत्पादन भी बढ़कर 2,07,791 टन पहुंच गया, जो नवंबर 2023 के 2,02,652 टन के पूर्व रिकॉर्ड से ऊपर है। कुल क्रूड स्टील उत्पादन 4,90,407 टन रहा, जो पुराने 4,85,035 टन के आंकड़े को पार करता है।

इसी प्रकार यूनिवर्सल रेल मिल ने भी नवंबर में उत्कृष्ट प्रदर्शन को आगे बढ़ाते हुए फिनिश्ड रेल उत्पादन 77,123 टन दर्ज किया, जो नवंबर 2022 के 76,496 टन से अधिक है। प्राइम रेल उत्पादन 73,684 टन दर्ज हुआ, जो नवंबर 2022 के 72,026 टन के रिकॉर्ड को पार करता है। वहीं, रेल्स एंड स्ट्रक्चरल मिल ने कुल फिनिश्ड रेल उत्पादन 1,19,288 टन किया, जो पिछले 1,16,332 टन से अधिक है। कुल प्राइम रेल उत्पादन 1,06,467 टन रहा, जो नवंबर 2022 के 1,04,561 टन से बेहतर है। इसी मिल में कुल लॉन्ग रेल उत्पादन 83,915 टन रहा, जो 83,061 टन के पुराने रिकॉर्ड से अधिक है। फिनिश्ड स्टील उत्पादन में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई। कुल फिनिश्ड स्टील उत्पादन 4,01,949 टन रहा, जो पिछले नवंबर के 3,88,240 टन से काफी अधिक है। सेलेबल स्टील उत्पादन बढ़कर 4,44,211 टन दर्ज हुआ, जो नवंबर 2024 के 4,28,350 टन से अधिक है।

### डिस्पैच प्रदर्शन भी रहा बेहतर

नवंबर 2025 में डिस्पैच प्रदर्शन भी बेहतर रहा। यूआरएम में लॉन्ग रेल लोडिंग 75,735 टन रही, जबकि कुल लॉन्ग रेल लोडिंग 90,763 टन तक पहुँची। प्राइम रेल लोडिंग 1,05,896 टन दर्ज हुई, जो नवंबर 2024 के 94,877 टन से अधिक है। डायरेक्ट डिस्पैच लोडिंग 2,41,489 टन रही, सेलेबल स्टील लोडिंग 4,40,346 टन और प्लेट लोडिंग 1,16,200 टन रही, जो सभी पिछले नवंबर के आंकड़ों से अधिक हैं। संयंत्र ने श्रम उत्पादकता में भी अब तक का सर्वोच्च स्तर हासिल किया। श्रम उत्पादकता बढ़कर 811 टन प्रति व्यक्ति प्रति वर्ष दर्ज हुई, जो अक्टूबर 2025 के 803 टन/व्यक्ति/वर्ष के रिकॉर्ड से अधिक है। वहीं टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स में भी सुदृढ़ प्रगति दर्ज हुई। बीएफ प्रोडक्टिविटी भी सुधरी, जबकि पिछले नवंबर में यह 1.96 थी।

# क्रिकेट महामुकाबला- ग्रामीण खिलाड़ियों को अवसर- प्रधान युगल

**उतई।** मचांदुर क्रिकेट क्लब एवं समस्त ग्रामीणों के तत्वावधान में 5 दिवसीय भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का महामुकाबला का शुभारंभ हो गया है।इसमें प्रथम पुरस्कार 25001,द्वितीय 15001,तृतीय 7001,चतुर्थ 5001 के साथ अन्य व्यक्तिगत पुरुस्कार रखा गया है। सरपंच संघ अध्यक्ष ग्रामीण प्रधान युगल किशोर साहू, मुख्य अतिथि दाऊ सौरभ सिंह राजपूत, विशेष अतिथि उपसरपंच दुष्यंत कुमार साहू, ग्रामीण उपाध्यक्ष बलराम निर्मलकर,यादव सर्किल अध्यक्ष मंत राम यादव,सोसाइटी अध्यक्ष फलेंद्र सिंह बैस,भाजपा महामंत्री प्रवीण यदु,युवराज सिंह साहू,विनय साहू,पंच गणपत साहू,मंशाराम साहू,विजय साहू,तोरण लाल साहू ने पूजन व फीता काटकर मैच प्रारंभ करवाया। इस अवसर पर अतिथियों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर कहा कि यह जीत और हार का फैसला आपको भविष्य में और अच्छे ढंग से खेलने की प्रेरणा देता है ।

## स्वास्थ्य शिविर में की नि:शुल्क जांच



**कुम्हारी।** कुम्हारी उपस्वास्थ्य केन्द्र में गुरुवार को एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सिकल सेल रोग, रक्तचाप, शुगर तथा सीबीसी सहित विभिन्न तरह के जांच निःशुल्क किए गए। उक्त शिविर में डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. हर्षवर्धन शेंडे, डॉ. नेहा गुरबानी, डॉ. उपेन्द्र भेले तथा उनकी टीम ने लोगों को सिकल सेल रोग के लक्षण, बचाव एवं महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। चिकित्सा दल ने बताया कि समय पर जांच और जागरूकता से सिकल सेल रोग से होने वाली जटिलताओं को काफी हद तक कम किया जा सकता है।




समक्षः श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, दुर्ग (छ.ग.)

**शपथ–पत्र**

मैं शपथकर्ती पिंकी कुसी पति संजू कुसी निवासी- वार्ड नं. 12, शंकर नगर जागृति चौक, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूँ जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक कथन करती हूँ कि

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री अफिया कुसी AAFIA KUSI के जन्म प्रमाण रजिस्ट्रर जन्म मृत्यु, जिला अस्पताल, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) से जारी किया गया है जिसमें मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 04.05.2025 व पंजीकरण संख्या बी-202522901710004047 पंजीकरण दिनांक 21.05.2025 व जारी दिनांक 22.05. 2025 है।
3. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम अफिया कुसी AAFIA KUSI दर्ज है जो कि गलत दर्ज हो गया है यह कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम आरती कुसी AARTI KUSI है जो कि सही व सत्य है।
4. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम अफिया कुसी AAFIA KUSI के स्थान पर मेरी पुत्री का वास्तविक नाम आरती कुसी AARTI KUSI दर्ज कर आनलाईन डिजिटल वाला जन्म प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने के संबंध में यह शपथपत्र श्रीमान सक्षम अधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

अतः यह शपथ पत्र पेश है। शपथकर्ती पिंकी कुसी

न्यायालय तहसीलदार अहिवारा, जिला दुर्ग (छ.ग.)
रा.प्र.क्र./202507104000010/ अ-19(4)/2024-25
मौजाः- ओखरा, प.ह.न. :- 04

**// उद्घोषणा //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला दुर्ग (छ.ग.) के पत्र क्रमांक/8099/ आबंटन/2025 दुर्ग, दिनांक 13.10.2025 अनुसार आवेदक हिमांशु पटेल पिता केशव पटेल निवासी ओखरा के द्वारा कलेक्टर के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम ओखरा, प.ह.नं. 04, रा.नि.मं. अहिवारा, तहसील अहिवारा जिला दुर्ग स्थित भूमिस्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 57 रकबा 0.22 हे. पर औद्योगिक प्रयोजन हेतु पहुंच मार्ग न होने से पहुंच मार्ग हेतु ग्राम ओखरा में ही स्थित चराई मद की शासकीय भूमि खसरा नंबर 56 कुल रकबा 0.96 हे. से 18 मीटर चौड़ाई का रास्ता अदला-बदला में मांग किया गया है। जो कि नियमानुसार जांच कार्यवाही कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने हेतु इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। जो इस न्यायालय में प्रक्रियाधीन है। अतएवं इस आवेदन के संबंध में विधिक आपत्तियाँ/ दावा रखने वाला व्यक्ति/ संस्था स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 30.12.2025 को इस न्यायालय में लिखित आवेदन कर निवेदित कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 01.12.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील-मुहर से जारी किया गया है ।

पेशी दिनांक :- 30.12.2025
जारी दिनांक :- 01.12.2025

मुहर — तहसीलदार, अहिवारा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

### मटंग स्कूल में एन एस एस शिविर के तीसरे दिन हुए विविध कार्यक्रम

# स्वास्थ्य शिविर का लाभ मिला ग्रामीणों को, जागरुकता भी बढ़ाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेलूद



चन्दूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय पाटन द्वारा ग्राम कैसस मटंग में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर जारी है। तीसरे दिन सुबह पाँच बजे प्रभातफेरी से हुई। प्रभातफेरी के तत्पश्चात योग, आणायाम एवं शारीरिक व्यायाम एवं प्रेरक वचनों के माध्यम से स्वयं-सेवकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता प्रदान की। तत्पश्चात परियोजना कार्य 8.30 बजे से शुरू हुआ। जिसमें प्राथमिक शाला परिसर की सफाई की गई। गार्डन, मुख्य द्वार, प्राथमिक शाला प्रागंण, सार्वजनिक मंच एवं शाला मुख्यद्वार की साफ सफाई ,सेलूद रोड में ग्रामीण सड़के के किनारे, सतनामी पारा में गली, नालियों एवं जैतखाम , गाडाडीह मुख्य रोड के किनारे सफाई की गई। परियोजना कार्यक्रम के दूसरे चरण मे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटन के उप स्वास्थ्य केन्द्र गाड़ाडीह के संयुक्त सहयोग से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया जिसमें कुल 114 नागरिकों, विद्यार्थियों व स्वयं सेवको का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा निशुल्क दवाई का वितरण किया गया।

बौद्धिक परिचर्चा में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. बी. एम. कठौतिया (खण्ड चिकित्सा अधिकारी) एवं श्रीमती सावित्री अग्रवाल (आरएचओ), मिथलेश साहू (आरएचओ), अंटेश्वर साहू (आरएचओ), अंजू निशा शर्मा (आरएचओ), मौसमी गौरे (आरएचओ), नील कमल साहू (आरएचओ) एवं उत्तम मधुकर (सुपरवाइजर), चित्ररेखा देवांगन (एलएचवी) एवं नेत्ररोग विशेषज्ञ डॉ. एम आर शेख विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व उपस्वास्थ्य केन्ड गाड़ाडीह से पहुंची सावित्री अग्रवाल ने महिला संबंधी रोग के बारे को जानकारी दी। उन्होने अपने उद्बोधन में महिलाओं से जुड़ी व्याधियों और मानसिक स्वास्थ्य के विषय पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होने मानसिक रोगियों के लक्षण, परिणाम व समाधान को अच्छे से समझाया। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों का सेवन, आत्महत्या, गलत आचरण, नींद न आना चिड़चिड़ापन गुस्सा होना मानसिक रोगी के लक्षण है। उन्होंने मानसिक रोगों के निवारण के लिए भरपूर नींद लेने अच्छा भोजन करना, सामाजिक रहने दोस्तो के बातें करना नशा न करना जैसे साधन बताए । विशिष्ट अतिथि उत्तम मधुकर (सुपरवाइजर) के स्वास्थ्य शिविर के संदर्भ में विस्तार जानकारी दी। श्रीमती चिवरे व देवांगन ने एड्स के कारण लक्षण एवं उपाय बताए। वहीं अंजू निशा वर्मा (आरएचओ) ने सिकलिन के कारण एवं उनसे होने वाले नुकसान से अवगत कराया। प्रो. डी. के भारद्वाज ने रक्तदान का महत्व बताया। सांस्कृतिक कार्यकम में सुमित, दिपिका, खुशी, डिम्पल, सुजाता, मोमिन और कुमकुम ने समूह नृत्य प्रस्तुत किए।



## खबर संक्षेप



### लंबित समस्याओं को लेकर बिजली कंपनी के इंजीनियर मिले विस अध्यक्ष से

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल पत्रोपाधि अभियंता संघ के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजीनियर श्रीकांत बड़गैया के नेतृत्व में हुई इस मुलाकात में राजनांदगांव क्षेत्र में एमआर डिफरेंस के कारण पिछले तीन-चार वर्षों से लंबित सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता के प्रकरणों पर विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय जांच समिति की रिपोर्ट पहले से ही सकारात्मक है, परंतु इन प्रकरणों पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। इसके कारण क्षेत्र के अभियंता परेशान हैं। डॉ. रमन सिंह ने तुरंत हस्तक्षेप करते हुए चेयरमैन को निर्देशित करने का आश्वासन दिया, ताकि इन प्रकरणों को नस्तिबद्ध कर जल्द निराकरण किया जा सके। इस अवसर पर प्रांतीय उपाध्यक्ष अविनाश दुबे, सुरजीत कुमार गुप्ता, केंद्रीय संयुक्त सचिव कोमल साहू, प्रशांत एम. पानशे, बीके पवार, एके बनर्जी, गजेंद्र देवांगन, धर्मेंद्र देवांगन, आशीष सोनी सहित अन्य मौजूद थे।

### जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बढ़ रहे मरीज

# ठंडी हवाओं का असर...बढ़ रहे सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज, 60 फीसदी मामले बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ट्विनसिटी सर्द मौसम की चपेट में हैं। पिछले एक सप्ताह से न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई है। गुरुवार को न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस पर आ गया है। मौसम विभाग के हिसाब से आने वाले दो दिनों में यह तापमान 2 से 3 डिग्री सेल्सियस और नीचे चला जाएगा। इस हिसाब से ठंड और बढ़ेगी। इस हालात में जिला प्रशासन ने एलर्ट भी जारी कर दिया है। यहां हालात ऐसे हैं कि लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने लगा है। जिसकी वजह से अस्पतालों में सर्दी, खांसी और बुखार पीड़ितों की संख्या सबसे ज्यादा हो गई है।

**अस्पतालों में जांच के लिए लगीं कतारें**



#### गली-मुहल्ले के प्राइवेट क्लीनिक फुल

सरकारी अस्पतालों से अधिक सीजनल बीमारी के मरीज गली-मुहल्लों में खुले प्राइवेट क्लीनिकों में पहुंच रहे हैं। जिले में ऐसे 3 हजार से ज्यादा क्लीनिक हैं जहां सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारी को लेकर बड़ी भीड़ जुटने लगी है। ज्यादातर ये क्लीनिक श्रमिक बस्तियों व गांवों में चल रहे हैं।

#### बचाव के लिए जारी किए दिशा-निर्देश

जिले में बढ़ती ठंड और शीत लहर के गंभीर स्वास्थ्य प्रभावों को देखते हुए, जिला प्रशासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आमजन की सुरक्षा के लिए आवश्यक एहतियाती कदम उठाने हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। शीत लहर (कोल्ड वेव्स) के कारण हाइपोथर्मिया और फ्रॉस्टबाइट जैसी गंभीर समस्याएँ हो सकती हैं। इसलिए, सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन निर्देशों का गंभीरता से पालन कर स्वयं को व अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

#### जिला अस्पताल

जिला अस्पताल में 60 प्रतिशत मरीज सर्दी, खांसी और बुखार जैसी बीमारी को लेकर पहुंच रहे हैं। इस अस्पताल की हर दिन सामान्य ओपीडी 550 मरीजों की है। इनमें से 330 मरीज इन सीजनल बीमारी से पीड़ित हैं। शेष 40 प्रतिशत अन्य बीमारी के मरीज यहां आ रहे हैं।

#### सुपेला अस्पताल

लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में ज्यादातर मरीज सर्दी, खांसी और बुखार का इलाज करवाने आ रहे हैं। यहां आम दिनों में 400 मरीज इलाज व जांच के लिए पहुंचते हैं। इनमें से 250 मरीज इन बीमारियों से ग्रसित हैं। शेष 150 मरीज अन्य बीमारी के हैं।

#### सीएससी

जिले में 9 सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। रिसाली, निकुम, उतई, अहिवारा, झीट, पाटन, धमधा, कुम्हारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी रोजाना 250 की है। इनमें से 125 मरीज ऐसे हैं जो सर्दी, खांसी और बुखार जैसी समस्याओं को लेकर आ रहे हैं। शेष 125 मरीज अन्य बीमारियों के हैं।

#### ठंड की लहर के दौरान क्या करें?

ठंड के प्रकोप से बचाव के लिए नागरिक गर्म कपड़े पहनें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलकर सूखे कपड़े धारण करें। विशेष ध्यान देते हुए, बच्चों और बुजुर्गों को हर समय गर्म रखें, क्योंकि वे ठंड के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं।

#### शीत लहर में क्या न करें?

बिना किसी आवश्यक कार्य के ठंड में बाहर न निकलें। पतले या गीले कपड़े बिलकुल न पहनें। ठंड से राहत पाने के लिए आग के बहुत पास न बैठें, क्योंकि यह त्वचा को नुकसान पहुंचा सकता है।

#### तापमान सामान्य से नीचे चला जाता है

शीत लहर एक ऐसी स्थिति है जिसमें हवा का तापमान सामान्य से काफी नीचे गिर जाता है। हवा का दबाव बढ़ जाता है, ठंडी हवाएं चलने लगती है। फ्रॉस्ट या बर्फ जमने लगती है। मौसम विभाग के अनुसार ठंड के दिनों में पारा सामान्य से 4 से 5 डिग्री नीचे आने पर शीत लहर चलती है।

#### सीजनल मरीज बढ़े

इन दिनों कोल्ड वेव्स की वजह से सर्दी, खांसी और बुखार के मरीज ज्यादातर अस्पताल में आ रहे हैं। ईलाज के साथ ही मौसम से बचने की सलाह भी इन मरीजों को दे रहे हैं।

**डॉ. एके मिंज,** सिविल सर्जन जिला अस्पताल

## टोकन के लिए भटक रहे किसानों ने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धान खरीदी की धीमी गति और पर्याप्त टोकन न मिलने से परेशान किसानों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन किया। ननकट्ठी बस स्टैंड में आक्रोशित किसानों ने धरना दिया। जिसमें जिसमें ननकट्ठी, रवेली, बोड़ेगांव, अरसनारा के अलावा आसपास के अन्य गांवों के किसान शामिल हुए।

■ ननकट्ठी, रवेलीडीह बोड़ेगांव, अरसनारा व आसपास के किसान हुए शामिल

धरने के बाद आक्रोशित किसान मुख्य मार्ग पर बैठ गए। जिसके कारण गाड़ियों का आना-जाना कुछ समय के लिए अवरूद्ध हो गया। प्रशासन की समझाइश पर किसानों ने आधा रास्ता खोल दिया। धरना-प्रदर्शन और रास्ता रोको आंदोलन में ज्वाला प्रसाद साहू, जेठूराम ठाकुर, प्रवेश कुमार, छबिलाल देवांगन, वेदराम देवांगन, अरविंद, अभिजीत अग्रवाल, विरेंद्र शर्मा, हीराराम, सरोज टंडन, घनश्याम देवांगन, अशोक कुमार, विष्णु कुमार, घनश्याम बंछोर, संजय ताम्रकार सहित अन्य किसान शामिल हुए।

#### धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग

धरना प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि किसान परेशान हैं और टोकन के लिए भटकना पड़ रहा है। धान खरीदी शुरू होने के 3 सप्ताह बाद भी धान खरीदी पूर्व वर्षों की तुलना में मात्र 30 प्रतिशत ही हो रही है । किसानों को संबोधित करते हुए संयुक्त किसान मोर्चा के रवि प्रकाश ताम्रकार ने धान खरीदी की धीमी गति के कारण किसानों को होने वाली परेशानियों की चर्चा करते हुए धान खरीदी की लिमिट बढ़ाने की मांग की। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन के संयोजक राजकुमार गुप्त ने धान खरीदने पर सरकार के नीयत पर सवाल खड़े किए। किसानों को हृदय देवांगन, नारायण देवांगन, गोपाल सिंह सुपंथक, सनत साहू, कुंवर सिंह वर्मा, बेनलाल सिंहा एवं अन्य ने भी संबोधित किया।

## 98 लाख का काम लेने के बाद नहीं किया, अमन कंस्ट्रक्शन एक साल के लिए ब्लैक लिस्टेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहिवारा

नगर पालिका परिषद अहिवारा में अधोसंरचना मद का काम ठेकेदार अमन कंस्ट्रक्शन कंपनी को 98.53 लाख रुपए में आठ काम दिया गया था। काम को पूरा करने की अवधि तीन माह की थी। लेकिन ठेकेदार ने निर्धारित समयावधि में कार्य प्रारंभ नहीं किया। ना ही उपस्थित होकर ले-आउट लिया गया। शासन के निर्देश और पीआईसी की बैठक में लिये गये निर्णय अनुसार कार्यादेश निरस्त किया गया है। ठेका कंपनी अमन कंस्ट्रक्शन को 1 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया गया है। सीएमओ अंकुर पांडेय ने बताया कि 15वे वत्ति आयोग मद अंतर्गत पांच कार्य केली जारी कार्यादेश में 4 कार्य समयावधि में पूर्ण ना करने पर 4 कार्य को निरस्त किया गया था। ठेका कंपनी को 1 वर्ष के लिये प्रतिबंधित किया गया था। पूर्व में अमन कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रो से संबंधित अमन सिन्हा के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत सर्वेयर के रूप में कार्यरत थे। जिनके कार्य में अनियमितता पाई गई थी। जिसके कारण सर्वेयर के कार्य से हटाया गया। कंस्ट्रक्शन के कार्यों से पृथक रहने के लिए नर्दिशित किया गया था। उक्त फर्म के द्वारा नियत समय में कार्य नही करने पर नगर पालिका परिषद अहिवारा व शासन की आधारभूत संरचना हेतु जारी राशि से लोकहित के कार्य नही हो पाये। ऐसे फर्म के खिलाफ जल्द ही लोक नर्माण विभाग को जानकारी प्रेषित की जायेगी।

■ काम नहीं करने से अहिवारा पालिका की छवि हुई धुमिल

#### ठेका कंपनी को इन कामों को करना था

नगर पालिका परिषद अहिवारा वार्ड 8 में ओवर हैड के पास गार्डन 16.72 लाख, वार्ड 12 मंगल भवन परिसर के पास पेवर लगाने 9.1 लाख, वार्ड 1 कबीर चौक से फगुंवा धीवर घर तक सीसी रोड 11.53 लाख, वार्ड 9 सौ यूनिट सड़क नंबर 08 ई में सीसी रौड 10.63 लाख, वार्ड 3 मंगल भवन में डोम भोड निर्माण 13.43 लाख, वार्ड 10 टाउनशिप मार्केट के पास डोम भोड निर्माण 11.36 लाख, वार्ड 12आरसीसी नाली निर्माण 12.46 लाख, वार्ड 13 सीसी रोड 13.39 लाख रुपए का काम किया जाना था। लेकिन अमन कंस्ट्रक्शन ठेका कंपनी ने तीन माह के अवधी में का काम पूरा नहीं किया।

## गांजा का अवैध कारोबार करने वालों के खिलाफ सफेमा, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अहिवारा





लंबे समय से गांजा का अवैध कारोबार करने वाले दो आरोपियों के चल अचल संपत्ति के खिलाफ सफेमा के तहत कार्रवाई की गई है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रूआबांधा भिलाई निवासी नंदु कन्नौजिया, रोहित कन्नौजिया के पर एमनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई थी। दोनों आरोपियों व उनके परिजनों के नाम से करीब 2 करोड़ 1 लाख रुपए से अधिक कीमत की चल-अचल संपत्ति को जब्त किया है। पुलिस जांच मे पाया गया आरोपियों द्वारा संपत्ति को मादक पदार्थ के व्यापार से अवैध रूप से अर्जित किया। संपत्ति के अटैचमेंट की कार्रवाई के लिए प्रकरण को सफेमा कोर्ट मुंबई भेजा गया। पुलिस ने अब तक 4 आदतन मादक पदार्थ के सप्लायर आरोपियों के खिलाफ यह कार्रवाई किया जा चुका है। मादक पदार्थ एवं नशा के खिलाफ चलाये जा रहे ऑपरेशन विश्वास के दौरान दुर्ग पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के आदतन आरोपी पिता-पुत्र पर कार्रवाई किया। गौरतलब हो कि नंदु कन्नौजिया, पुत्र रोहित कन्नौजिया दोनों लम्बे समय से गांजा का अवैध व्यापार कर रहे थे। पुलिस द्वारा समय-समय पर 8 से अधिक एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। बावजूद आरोपीगण चोरी छिपे लगातार मादक पदार्थ का अवैध व्यापार किया करते थे। जांच के दौरान दोनों पिता-पुत्र गांजा के अवैध व्यापार से स्वयं एवं परिजनों के नाम से करोड़ों की चल-अचल संपत्ति अर्जित किया है। जिसमें रूआबांधा स्थित बीएसपी की भूमि पर निर्मित मकान, दुकान कीमत 70 लाख रुपए ,रोहित कन्नौजिया के नाम सरस्वती कुंज रिसाली में आलीशान मकान करीब 95 लाख रुपए , पुत्री निशा कन्नौजिया के नाम से ग्राम धनोरा में भूमि व भवन कीमत 37 लाख रुपए का क्रय कर निर्माण किया जाना पाया गया। दो पहिया वाहन कीमत 1.50 लाख और विभिन्न खातों में बैंक से लाखों रूपये जमा होना पाया गया।




## आयुक्त राजीव ने खुर्सीपार क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**भिलाई।** भिलाई निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को जोन-4 खुर्सीपार क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निगम की आय में वृद्धि करने के उपायों, मूलभूत नागरिक सुविधाओं की स्थिति और प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। आयुक्त ने पावर हाउस बस स्टैंड के पास स्थित खाली पड़े निर्मित भवन का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को इस भवन को किसी प्राइवेट एजेंसी को किराए पर देने और किराया निर्धारित करने का निर्देश दिया, जिससे नगर निगम की आय में वृद्धि हो सके।

#### पेयजल व्यवस्था और साफ-सफाई देखी

वार्ड क्रं. 51, शहीद वीर नारायण सिंह नगर में एक भवन में संचालित प्राइवेट स्कूल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड के मोहल्लों का भ्रमण कर पेयजल आपूर्ति और साफ-सफाई व्यवस्था का गहन जायजा लिया। उन्होंने स्थानीय नागरिकों से संवाद किया और उनसे एसआईआर फार्म भरने से संबंधित चर्चा भी की। खुर्सीपार गेट पर प्रस्तावित रोड निर्माण स्थल का अवलोकन किया गया। आयुक्त ने उपस्थित इंजीनियरों को आवश्यक निर्देश देते हुए तत्काल प्रस्ताव तैयार कराने के लिए निर्देशित किए हैं। इस औचक निरीक्षण के दौरान अमरनाथ दुबे, जावेद अली, बालकृष्ण नायडू, हेमंत मांझी आदि मौजूद थे।

## किराए में 24 रुपए प्रति वर्गफुट की बढ़ोत्तरी, समान्य से कई गुना ज्यादा



**भिलाई।** बीएसपी से सेवानिवृत कर्मचारियों के प्रतिनिधि मंडल ने पिछले दिनों भारतीय इस्पात प्राधिकरण के अधिशासी निदेशक से मुलाकात की। इस दौरान अवगत कराया गया कि आवंटित मकान में रहने की शर्त के रूप में उन्हें एक अमानत राशि बगैर ब्याज 3 लाख से 9 या 10 लाख तक बीएसपी के पास जमा रखना पड़ता है। निर्धारित अवधि के पश्चात उन्हें किराए की राशि सामान्य किराए का बत्तीस गुना और बिजली पानी के शुल्क देने होते हैं। अभी हाल ही में इस किराए को 24 रुपए प्रति वर्ग फुट के हिसाब से बढ़ाने का निर्णय और उसे दिसंबर माह से प्रभावी बाबत एक सर्कुलर पारित हुआ। रिटेंशनधारी कर्मचारी के लिए तकरीबन सामान्य किराए से सवा सौ गुना पड़ता है। रिटेंशनधारी कर्मचारी के लिए मानसिक एवं आर्थिक बोझ डालेगा। प्रतिनिधि मंडल ने अधिशासी निदेशक केके सिंह को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। केके सिंह ने कहा कि रिटेंशन धारी का मुद्दा स्थानीय स्तर पर हुआ है। प्रतिनिधि मंडल में भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई की महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने रिटेंशनधारी कर्मचारियों के दर्द भावनाओं को समझते हुए पारित बढ़े दर के किराए को वापस लेने और सभी निवासरत रिटेंशनधारी कर्मियों को उसी मकान को लाइसेंस में देने की बात रखी और इसे शीघ्र प्रभाव से पारित करने पर जोर दिया।

## पुरानी गंज मंडी में पेवर ब्लॉक का घटिया काम, दोबारा कराने के निर्देश

**दुर्ग।** पुरानी गंजमंडी में पेवर ब्लॉक का घटिया काम किए जाने का मामला सामने आया है। मामले में कार्य एजेंसी को नोटिस जारी किया गया है। इतना नहीं काम को दोबारा कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर अलका बाघमार की ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाते हुए गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा है। मौके पर लोककर्म प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, उपअभियंता हरिशंकर साहू मौजूद थे। मेयर ने कहा कि जब काम हो रहा था, तो अधिकारी क्या कर रहे थे, क्यों कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान नहीं दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर पहुंचकर पेवर ब्लॉक्स की गुणवत्ता, बिछाने की प्रक्रिया, लेबर की उपलब्धता और समतलीकरण की स्थिति की बारीकी से जांच की। पेवर ब्लॉक की फिटिंग, लेवलिंग, उपयोग में आ रही सामग्री की गुणवत्ता एवं कार्य की गति सभी में गंभीर अनियमितताएँ नजर आईं। कहीं पेवर ब्लॉक ठीक से दबाए नहीं गए थे, तो कहीं रेत और बेस लेयर की मोटाई मानक से कम पाई गई। इन खामियों को देखकर महापौर ने अधिकारियों और मौके पर उपस्थित ठेकेदार को कड़ी फटकार लगाई।




### खरसिया-नया रायपुर-परमालकसा रेलवे लाइन बिछाने को लेकर हो रहा सर्वे

## मुआवजे को लेकर गाइडलाइन पर संशय, शिकायत के बाद सर्वे का काम रुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

रेलवे परियोजना के लिए प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण से प्रभावित पुरई के किसानों ने सर्वे करने आई टीम से मुलाकात कर अपनी समस्याओं और मांगों को प्रमुखता से रखा। किसानों के प्रबल विरोध और अधिकारियों की सहमति के बाद सर्वे कार्य को तत्काल प्रभाव से रोक दिया गया है।

किसानों ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर लिखित एवं स्पष्टीकरण वाला जवाब नहीं मिल जाता, तब तक सर्वे कार्य जारी रखना असंतोषजनक है। इसमें गाइडलाइन रेट पर संशय, किसानों ने 2025-2026 के नए कलेक्टर गाइडलाइन रेट की स्थिति स्पष्ट करने की मांग की। लंबे समय से



लंबित सर्कल रेट अपडेट होने के बाद, कारोबारियों और दलालों के उग्र प्रदर्शन से यह डर बना हुआ है कि कहीं पुराना 2018-2019 रेट फिर से लागू न हो जाए, जो न्यायसंगत नहीं है। किसानों ने आपत्ति जताई कि समान परिस्थिति वाली दो जमीनों के मूल्य में जमीन-आसमान का अंतर होना संविधान के आर्टिकल 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। किसानों ने मांग की कि रेलवे अधिग्रहण में भी वर्ग मीटर में मूल्यांकन किया जाए। पहले भारतमाला परियोजना में मुआवजे का निर्धारण किया जा चुका है। पुरई में तो वर्ग मीटर(सड़क से लगे हुए जमीन की) का मूल्य पहले से भी कम कर दिया गया है, जो सरकार की अन्यायपूर्ण मंशा को दर्शाता है। किसानों ने शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपने पर उनके खिलाफ बलवा एवं सड़क अवरोध जैसी धाराएं लगाए जाने पर आपत्ति दर्ज कराई गई। किसानों ने तत्काल एक दिन पूर्व मुनादी (सार्वजनिक घोषणा) कराने पर आपत्ति जताई और मांग की कि कम से कम एक सप्ताह पहले मुनादी कराई जाए ताकि बाहर गए हुए किसान भी अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सकें। बता दें कि 14 गांवों में सर्वे किया जाना है। रकबा और खसरा नंबर का निर्धारण पहले ही किया जा चुका है।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शुक्रवार 5 दिसंबर 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

7747020002, Message at - 9755819129

**महाप्रसाद लेने उमड़ी श्रद्धालु**



## लाइव इवेंट

### सीजी पीएससी टॉप-10 ने की सीएम विष्णुदेव साय से मुलाकात, जताया आभार



**दुर्ग।** ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर की अगुवाई में सीजी पीएससी 2024 के टॉप-10 अभ्यर्थियों ने अपने परिजनों के साथ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने सभी का गर्मजोशी से स्वागत किया और बधाई दी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि इन अभ्यर्थियों ने कठिन परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल कर युवा पीढ़ी के लिए मिसाल पेश की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुशासन की दिशा में युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। यही कारण है कि सरकार भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता, योग्यता और क्षमता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। देवेश प्रसाद साहू, स्वप्निल वर्मा, यशवंत कुमार देवांगन, पोलेश्वर साहू, पारस शर्मा, शताक्षी पांडेय, अंकुश बैनर्जी, श्रृष्टि गुप्ता, प्रशांत वर्मा और सागर वर्मा ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में प्रतियोगी परीक्षाओं की प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी है और युवा अपनी मेहनत के दम पर सफलता पा रहे हैं। उन्होंने इसे सरकार की साफ नीयत और बेहतर प्रशासन का परिणाम बताया। सेकेंड टॉपर स्वप्निल वर्मा ने कहा कि कुछ समय पहले पीएससी से भरोसा टूट चुका था, लेकिन पिछले दो सालों में जिस तरह बिना किसी दबाव और बिना भ्रष्टाचार के चयन हुआ है, उसने युवाओं का भरोसा फिर से मजबूत किया है। उन्होंने मुख्यमंत्री और सरकार का धन्यवाद दिया। टॉप-10 में शामिल श्रृष्टि गुप्ता और शताक्षी पांडेय ने भी सरकार का आभार जताया।

## सिटी इवेंट

### दिव्यांगों के अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में न हो भेदभाव



**भिलाई।** दिव्यांग व्यक्ति के अधिकारों में शिक्षा, रोजगार और सामाजिक जीवन में समान अवसरों के साथ-साथ भेदभाव और शोषण से सुरक्षा को शामिल करने के उद्देश्य से शासकीय डॉ० वा० वा० पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग के यूथ रेडक्रॉस के तत्वाधान में महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के अधिकारों, गरिमा और कल्याण को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। यह दिवस दिव्यांगों को समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने पर जोर देता है। प्राचार्य ने महाविद्यालय में दिव्यांगजनों को दी जानी वाली विशेष सुविधाओं की भी जानकारी दी। हिन्दी एवं राष्ट्री सेवा योजना प्रभारी डॉ० यशेश्वरी ध्रुव ने कहा कि दिव्यांगता से जुड़े मुद्दों के प्रति समझ और जागरूकता बढ़ाना एवं राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक जीवन के हर पहलू में दिव्यांगों के लिए समान अवसर देना जरुरी है। प्रभारी डॉ रेशमा लाकेश के अनुसार प्रधानमंत्री के सुझाव के बद 'विकलांग' शब्द की जगह 'दिव्यांग' शब्द चलन में आया है यानी 'दिव्य अंग' या विशेष क्षमता वाला व्यक्ति है। जिनको नीति में और कार्यक्रमों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से किया जाना है। यह अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि विश्व की लगभग 16 प्रतिशत जनसंख्या गंभीर विकलांगता का अनुभव करती है। तब्बसुम अली ने दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के बारे में तथा डॉ० तोषिना तैलंग ने दिव्यांगता संबंधी पेंशन, ऋण, विवाह प्रोत्साहन एवं डॉ संध्या सिंह यादव, डॉ वैभवशंकर सोनी, यूथ रेडक्रॉस वालेंटियर लुबना खान, उर्वशी निषाद, खुशी साहू एवं मानसी प्रसाद ने भी अपने विचार रखे।




## सिटी इवेंट

### रिसाली बस्ती में मितानिनों का सम्मान



**भिलाई।** मितानिन दिवस पर रिसाली बस्ती की मितानिनों का सम्मान किया गया। पूर्व पार्षद मोगरा देशमुख के नेतृत्व में समारोह का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान मितानिनों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की सराहना की गई। वर्तमान में चल रहे भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर के कार्यों में मिनानिनों द्वारा सहयोग किया जा रहा है। इसका भी प्रशंसा की गई। कार्यक्रम में मितानिनों का सम्मान गुल्दस्ता और उपहार देकर किया गया। इस दौरान दौरान कामिनी साहू, रूपा देशमुख, मनीता गेंद्रे, पुष्पा आड़े, गेंद बाई देशमुख, सीमा साहू आदि उपस्थित थे।

**शोभायात्रा के साथ साई महोत्सव का समापन, भंडारा में महाप्रसादी ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु**

# आतिशबाजी और गाजे-बाजे संग निकली पालकी यात्रा, हुआ स्वागत

# महाप्रसादी ग्रहण करने उमड़े श्रद्धालु, पंगत में बैठाकर दी अन्न सेवा

**दुर्ग। कसारीडीह सिविल लाइन स्थित श्री साई बाबा मंदिर के 49वें वार्षिक साई महोत्सव के अंतिम दिन गुरुवार को मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। दिनभर मंदिर में साई भजन की धूम मची रही। दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की कतारे लगी रही।**

**दोपहर में महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें छग के अलावा अन्य राज्यों से श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में शामिल होकर महाप्रसादी ग्रहण किया। साई महोत्सव में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव शामिल हुए। उन्होंने बाबा की पूजा अर्चना कर प्रदेशवासियों की खुशहाली और सुख समृद्धि के लिए कामना की। मंत्री गजेद्र भंडारा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं को महाप्रसादी की सामाग्री परोसकर अन्न सेवा दी। महापौर अलका बाघमार ने भी साई बाबा के दर्शन कर श्रद्धालुओं के साथ पंगत में बैठकर महाप्रसादी ग्रहण किया।**



### शोभायात्रा में दिखा दिवाली सा माहौल

शाम को श्री साई बाबा की महाआरती के बाद साई बाबा की भव्य पालकी यात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा बाजे गाजे के साथ साई मंदिर से शुरू होकर सिविल लाइन, पदमनाभपुर, मुक्तनगर, आदर्श नगर, कन्हैयापुरी चौक, आजाद चौक से होकर कसारीडीह चौक पहुंची। शोभायात्रा का पूरे रास्ते भर श्रद्धालुओं द्वारा आतिशबाजी कर जगह-जगह स्वागत किया गया, वहीं कई श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा के स्वागत में अपने-अपने घरों के सामने दीपक जला रखे थे। जिससे शोभायात्रा के दौरान क्षेत्र में दिवाली का माहौल बना।



### भक्तों ने पंगत में बैठकर ग्रहण की महाप्रसादी

इस दौरान जिला भाजपा उपाध्यक्ष शिवेंद्र परिहार, एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, काशीराम कोसरे, पार्षद साजन जोसेफ, कमल देवांगन, मनीष कोठारी, अन्य पार्षदगण और भाजपा नेता मौजूद रहे। इसके अलावा महाप्रसादी ग्रहण करने पूर्व विधायक अरुण वोरा, शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल, पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पूर्व सभापति राजेश यादव, राजकुमार नारायणी, समाजसेवी चतुर्भुज राठी, छत्तीसगढ़ चैंबर आफ कमर्स एंड इंडस्ट्रीज प्रदेश मंत्री अशोक राठी, पार्षद प्रकाश गीते, पूर्व पार्षद भोला महोबिया, प्रकाश जोशी, पूर्व पार्षद अल्ताफ अहमद, अमृत लोढ़ा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आयुष शर्मा, युवा कांग्रेस नेता संदीप वोरा, सुमित वोरा, दीपक चोपड़ा, जन समर्पण सेवा संस्था अध्यक्ष बंटी शर्मा के अलावा अन्य जनप्रतिनिधि व समाजसेवी मंदिर पहुंचे। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ पंगत पर बैठकर महाप्रसादी ग्रहण की।

### कसारीडीह चौक से शोभायात्रा मंदिर पहुंची, देर रात्रि बाबा की सेज आरती

साई महोत्सव के अंतिम दिन महाप्रसादी वितरण एवं शोभायात्रा में सार्वजनिक साई महोत्सव समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ, सचिव धनेंद्र सिंह चंदेल, उपाध्यक्ष धीरेंद्र शर्मा, शिवाकांत तिवारी, सह सचिव संतोष यदू, कोषाध्यक्ष सुजीत गुप्ता, प्रचार सचिव सुरेश साहू, अजय सुरपाम, कार्यकारिणी सदस्य अरविंद वोरा, संजय लाखे, विनय चंद्राकर, संतोष खिरोड़कर, गणेश निर्मलकर, नरेंद्र राठी, राकेश सेन, रोमनाथ साहू, अजय मिश्रा,जयंत खिरोड़कर, बीएल अग्रवाल, मुरलीधर राउत, नितिन शेंडे, अरविंद लोखंडे, प्रशांत राउत, श्रीधर भजने, प्रभाकर राव पाटने, विपिन बोहरा, अतुल मढ़रिया, कृष्ण देशमुख, अनिकेत यादव, धनेश सिंह राजपूत, महेश वर्मा, प्रीति राजपूत, संध्या साहू, दीप्ति राउत, स्वीटी सिंह, रजनी सिंह, संगीता सिंह सहित अन्य सदस्य और श्रद्धालु व्यवस्था बनाने में जुटे रहे।



## निःशुल्क योग व चिकित्सा शिविर में माइग्रेन, कमर दर्द, नसों में खिचाव को दूर करने दे रहे प्रशिक्षण

**तालपुरी में पांच दिवसीय निःशुल्क योग व चिकित्सा शिविर आयोजित**

**भिलाई।** तालपुरी बी ब्लॉक के क्लब हाउस प्रांगण में पतंजलि योगपीठ के प्रशिक्षित साधकों द्वारा निःशुल्क योग और चिकित्सा शिविर लगाया गया है। यह शिविर शनिवार तक चलेगा।

जिसमें प्रशिक्षित साधक योगासनों के साथ-साथ लोगों को एक्यूप्रेशर के माध्यम से शरीर के विभिन्न बिंदुओं पर उंगलियों और हथेलियों से दबाव डालकर दर्द, तनाव और अन्य लक्षणों से राहत दिलाने के साथ ही डायबिटीज, माइग्रेन, कमर दर्द, नसों में खिंचाव को दूर करने जैसे उपायों की भी जानकारी भी दे रहे हैं। इसके अलावा एक्यूप्रेशर चिकित्सा पद्धति से पेट साफ करने, गैस से मुक्ति दिलाने तथा अच्छी नींद लेने के तरीके भी सिखाए जा रहे हैं।





पांच दिनों तक चलने वाले इस शिविर में लोगों से ग्रीवा चालन, स्कंध खिंचाव, स्कंध चक्र, कटिशक्ति संचालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन, अर्द्धचक्रासन, त्रिकोणासन, दंडासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन, शशकासन, उत्तानमंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, सेतु बंधासन, उत्तान पादासन, अर्द्ध हलासन, पवन मुक्तासन, शवासन, कपालभाति, अनुलोम विलोम, शीतली प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यानासन कराया जाएगा। शिविर में योग प्रशिक्षक टीआर सोनी, एन एस पटेल, मुख्य योग प्रशिक्षक आर पी शर्मा तथा न्यूरोथैरेपिस्ट श्रीनिवास राव की विशेष सेवाएं ली जा रही हैं। शिविर आयोजन समिति में एसोसिएशन के अध्यक्ष कुबेर देशमुख, पार्षद सविता ढवस, रवींद्र देवांगन, बी तुलसी, हंसमणि राय, निर्मला चंद्राकर, गीता सिंह और गौरी देवांगन उपस्थित थे।

## सिंदूर कप नाइट फुटबॉल की जोरदार शुरुआत खुर्सीपार और वैशाली नगर ने दर्ज की जीत



### शांति नगर मैदान में हो रहे रोमांचक मुकाबले

**भिलाई।** सिंदूर कप रात्रिकालीन मोहल्ला फुटबॉल प्रतियोगिता की शुरुआत शांतिनगर मैदान में रोमांचक मुकाबलों के साथ हुई। कार्यक्रम में समाजसेवी हरीश कालरा मुख्य अतिथि थे। अध्यक्षता गोपी अरोड़ा और राजपाल अरोड़ा ने की।

उद्घाटन मैच खुर्सीपर जोन और रिसाली जोन के बीच खेला गया। दोनों टीमों ने कड़ा प्रदर्शन किया, लेकिन 28वें मिनट में लिंगराजू ने शानदार मूव पर गोल दागकर मैच खुर्सीपर के नाम कर दिया। इस मैच में रेफरी की जिम्मेदारी सनी एंड्रयू और अनिरुद्ध ने निभाई। दूसरे मुकाबले में मरोदा और वैशाली नगर जोन आमने सामने थे। मैच कड़ा था, लेकिन वैशाली नगर के बंटी ने बेहतरीन मैदानी गोल कर अपनी टीम को जीत दिलाई। इस मैच के रेफरी भावेश और शिव पंडित थे। आयोजन समिति के ललित मोहन ने बताया कि गुरुवार से लीग मैच शुरू होंगे। पहला मुकाबला खुर्सीपर और वैशाली नगर के बीच खेला जाएगा। प्रतियोगिता के शुरुआती दिन ही खिलाड़ियों के खेल ने माहौल गर्म कर दिया है। आगे के मैच और ज्यादा रोमांचक रहने की उम्मीद है।

**स्वस्थ समाज के निर्माण हेतु निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का का आयोजन**

## युवाओं में स्वास्थ्य साक्षरता बढ़ाने और समय रहते रोग पहचान के दिये टिप्स, विशेषज्ञों ने दांत, आंख और बीएमआई कर किया जागरूक

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना आज की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। जिसे ध्यान में रखते हुए स्वरूपानंद महाविद्यालय में आईक्यूएसी, रेड रिबन क्लब, राष्ट्रीय सेवा योजना और मानसिक स्वास्थ्य उन्नयन एवं परामर्श समिति के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देने के साथ ही स्वास्थ्य-साक्षरता बढ़ाने और समय रहते रोग-पहचान की आदत विकसित करने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सको द्वारा सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण, रक्तचाप, नाड़ी, तापमान जांच, दंत और नेत्र परीक्षण, बीएमआई, ऊंचाई एवं वजन मापन, विभिन्न शारीरिक प्रणालियों का परीक्षण, स्वास्थ्य परामर्श दिया गया।

### स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना आज की सामाजिक आवश्यकता





कार्यक्रम में डॉ. अज़रा हुसैन ने शिविर की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित स्वास्थ्य परीक्षण स्वस्थ समाज निर्माण के लिए जरुरी है। उन्होंने बताया कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं समुदाय को समय पर स्वास्थ्य-जागरूकता प्रदान करते हैं। रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉ. शिवानी शर्मा ने बताया कि शिविर के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी देना, स्वास्थ्य-साक्षरता बढ़ाना और समय रहते रोग-पहचान की आदत विकसित करने के उद्देश्य से आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना आज की सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक आवश्यकता है। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाएं तभी प्रभावी बनती हैं जब संस्थान और चिकित्सा विशेषज्ञ मिलकर कार्य करें। उन्होंने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर न केवल रोग-जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समय पर उपचार शुरू करने में भी सहायक सिद्ध होते हैं। शिविर में अभिषेक आई. मिश्रा मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं शोध संस्थान की आठ सदस्यों की विशेषज्ञ टीम ने सेवाएं दी। जिसमें कम्युनिटी मेडिसिन विभाग, सामान्य चिकित्सा विभाग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, ईएनटी, नेत्र रोग, दंत चिकित्सा, हृदय और श्वसन तंत्र परीक्षण दल, चिकित्सकीय इंटर्न, नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी दल उपस्थित रहे। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संयुक्ता पाढ़ी ने बताया कि इस शिविर से न केवल शंकराचार्य ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूट के प्राध्यापक और विद्यार्थियो को लाभ मिला, बल्कि उनके परिवार और आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भी स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ उठाया।

## सिटी लाइव

### दुर्ग की जलपरियों ने जीता गोल्ड, राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता में किरण चयनित



**भिलाई।** शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग की तैराकों ने शासकीय महाविद्यालय कवर्धा द्वारा आयोजित हेमचंद यादव अंतरमहाविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में चार-चार विधाओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

महाविद्यालय की तैराक बी.एस.सी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर भूमिका ओझा ने 50 मीटर बैक स्टोक 100 मीटर फ्री स्टाईल, 50



मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में विजेता रही। वही बी.एस.सी गृहविज्ञान तृतीय सेमेस्टर धनु ओझा ने 50 मीटर बटर फ्लाई 50 मीटर फी स्टाईल 100 मीटर फी स्टाईल 200 मीटर आई.एम. (चारो स्टोक) चार विधाओं में विजेता रही। चन्द्रकला ओझा ने 100 मीटर बटर फ्लाई 50 मीटर बटर फ्लाई 100 मीटर बैक स्टोक 200 मीटर फी स्टाईल चारो विधाओं में विजेता रही। डॉ. ऋतु दुबे क्रीड़ाधिकारी ने बताया की तीनो छात्राएं एक ही परिवार की है और तालाब में तैराकी का अभ्यास करती है इसमें से धनु ओझा एवं भूमिका पिछले वर्ष ओझा अखिल भारतीय विश्वविद्यालयीन तैराकी प्रतियोगिता में भाग ले चुकी है। महाविद्यालय की एथलीट किरण सिंह का चयन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक प्रतियोगिता गोला फेक इवेंट के लिए चयन हुआ है ये सभी छात्राएं 5 से 7 दिसंबर तक बिलासपुर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। टीम मैनेजर सहायक प्राध्यापक कविता वैष्णव, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव, क्रीड़ा समिति के संयोजक डॉ. सुषमा यादव, सदस्य गणेश राम नायक, दीपक ठाकुर और महाविद्यालय ने सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और उज्वल भविष्य की शुभाकामनाएं दी है।

## ● अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद और युवा महोत्सव का समापन

# देशभक्ति, समूह गीत व नाटक में प्रतिभा का किया प्रदर्शन

# पढ़ाई के साथ कल्चरल एक्टिविटी में भाग लेने किया प्रेरित

**भिलाई।** दाऊ श्री वासुदेव चन्द्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग में अंतर महाविद्यालयीन खेलकूद प्रतियोगिता और युवा महोत्सव का आयोजन किया गया था। जहां युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव में वेटनरी कॉलेज अंजोरा को ओवर ऑल चैम्पियनशीप की ट्रॉफी प्रदान की गई। इस दौरान कालेज के विद्यार्थियों ने समूह नृत्य, लाईट वोकल, देशभक्ति गीत, समूह गीत और एकल नाटक की शानदार प्रस्तुति दी। अतिथियों ने पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। आयोजन के समापन समारोह में विश्वविद्यलय के कुलपति मुख्य रुप से उपस्थित थे।





### मतसियिकी कॉलेज कवर्धा को मिला ओवर ऑल चैम्पियनशिप ट्रॉफी

दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में वेटनरी कॉलेज अंजोरा, डेयरी कॉलेज रायपुर एवं मात्स्यिकी कॉलेज कवर्धा और पॉलीटेक्निक के छात्र-छात्राओं के बीच हुई स्पर्धा में वेटनरी कॉलेज अंजोरा ने




बॉलीबाल, खो-खो में पुरूष और बैडमिंटन में विजेता रहे। मात्स्यिकी कॉलेज कवर्धा की टीम कबड्डी, खो-खो महिला और टेबल टेनिस महिला वर्ग में विजेता रही। डेयरी कॉलेज रायपुर टेबल टेनिस पुरूष विजयी रहें और एथलेटिक्स की स्पर्धाएं भी आयोजित की गई। ओवर ऑल चैम्पियनशीप ट्रॉफी मात्स्यिकी कॉलेज कवर्धा को प्रदान की गई। युवा महोत्सव में वेटनरी कॉलेज अंजोरा ने समूह नृत्य, लाईट वोकल, देशभक्ति गीत, समूह गीत और एकल नाटक में विजेता रहें। मात्स्यिकी कॉलेज कवर्धा विजेता रहे। ओवर ऑल चैम्पियनशीप ट्रॉफी वेटनरी कॉलेज अंजोरा को दिया गया।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरुकता रैली, दिया संदेश




कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह ने प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेने से व्यक्तित्व में निखार आता है और पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण ने उत्साहपूर्वक भाग लेने के लिए छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर सभी का उत्साहवर्धन किया।

### दो दिवसीय आयोजन में रहे शामिल

कार्यक्रम में कुलपति डॉ.आर.आर.बी.सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ.मंजू रॉय, कुलसचिव डॉ.बी.पी.राठिया, अधिष्ठाता पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय अंजोरा डॉ.संजय शाक्य, अधिष्ठाता दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय रायपुर डॉ.सुधीर उपरीत, अधिष्ठाता मात्स्यिकी महाविद्यालय कवर्धा डॉ.एम.के.गेंदले, विश्वविद्यालय जनसंपर्क अधिकारी डॉ.दिलीप चौधरी, आयोजन सचिव- क्रीड़ा अधिकारी ए.बी.एस.दीवान, प्राध्यापक, कर्मचारी सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सिटी इवेंट

### आकस्मिक ऋण ले सकेंगे सेक्टर-6 बीएसपी सोसाइटी के सदस्य, मिलेगा लाभ



**भिलाई।** इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 ने आकस्मिक ऋण की सीमा बढ़ा दी है, वहीं अमानत राशि की सीमा भी घटा दी है। इसका सीधा लाभ सदस्यों को मिलेगा। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने बताया कि संस्था के सदस्यों और अंशधारकों की मांग पर वर्तमान संचालक मंडल द्वारा पूर्व में आकस्मिक ऋण की सीमा बढ़ा दी गई थी। बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि यह कदम संस्था के विकास एवं सदस्यों की सुविधा की दृष्टि से महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने बताया कि इसी तरह सदस्यों को ऋण का पूर्ण रूप से लाभ पहुंचाने संचालक मंडल के द्वारा ऋण के समय सदस्यों से ली जाने वाली अमानत राशि की सीमा 15 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दी गई थी। उन्होंने बताया कि सदस्यों के द्वारा संस्था में जमा आर.डी. की निकासी पर समय सीमा के प्रतिबंध को पूर्व में ही वर्तमान संचालक मंडल द्वारा समाप्त कर दिया गया था। सदस्यों को वितरित किये जाने वाले आकस्मिक ऋण एवं नियमित ऋण पर अंश पूंजी की राशि को संस्था में जमा अंश पूंजी में से एक हजार को छोड़कर बाकी जमा राशि को ऋण में समायोजन नियमानुसार करा सकते है या वापस ले सकते है। उन्होंने बताया कि यह सभी कदम संस्था की सुदृढ़ आर्थिक स्थिति को देखते हुए सदस्यों के हित में उठाए गए हैं, जिसका सदस्यों को लाभ होगा।

> ■ पहले यह सीमा 3 लाख थी, अमानत राशि की सीमा घटाकर 5 फीसदी की

## सेफ टी- चाय पे चर्चा, सुरक्षा पहल से कार्य और संस्कृति को मिल रही नई दिशा

**भिलाई।** सेल–बीएसपी के बार एंड रॉड मिल में सुरक्षित, सहयोग और संवाद प्रधान कार्य वातावरण को सुदृढ़ करने सेफ टी- चाय पे चर्चा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें सुरक्षा व संस्कृति को नए स्वरूप में स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी कड़ी में वामसी बेहेरा के साथ आयोजित सेफ टी- चाय पे चर्चा सत्र में विभागीय सुधारों से जुड़े उनके



सुझावों को गोपनीयता के साथ दर्ज किया गया। प्राप्त सुझावों का विश्लेषण कर उन्हें भविष्य की कार्य योजना में शामिल करने की प्रक्रिया भी शुरु हो चुकी है। इस पहल के द्वारा परंपरागत औपचारिक बैठकों से हटकर कर्मचारियों के साथ एक सहज, खुला और भरोसेमंद मंच तैयार करना है। सेफ टी-चाय पे चर्चा के माध्यम से मुख्य महाप्रबंधक योगेश शास्त्री कर्मचारियों से सीधे बातचीत करते हुए कार्यस्थल की व्यावहारिक चुनौतियां, सुधार के अवसर, सुरक्षा संबंधी सुझाव और व्यक्तिगत अनुभवों को विस्तार से सुनते हैं। इस दौरान बिना किसी औपचारिकता के कर्मचारी अपने विचार बिना किसी संकोच के सहजता से साझा कर रहे हैं। चर्चा में भाग लेने वाले कर्मचारी को एक विशेष सुरक्षा स्मृति–चिह्न दिया गया। जिसमें उनकी पारिवारिक फोटो और सुरक्षा प्रतिज्ञा मैं स्वयं को सुरक्षित रखूंगा क्योंकि मैं अपने परिवार से प्रेम करता हूं,, अंकित की गई है। सेफ टी- चाय पे चर्चा पहल बार एंड रॉड मिल में विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता और सुरक्षा–जागरूकता को गहराई से स्थापित करने के साथ ही कर्मचारियों की नेतृत्व को महत्व दे रहा है।

## सम्मान

### वर्ल्ड पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में देवेन्द्र ने लहराया छत्तीसगढ़ का परचम



**भिलाई।** 77 वेट क्लास में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी देवेंद्र वर्मा ने वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेंच प्रेस में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। साथ ही बेहतरीन ताकत और तकनीक के दम पर उन्हें ओवरऑल स्ट्रांग मैन का खिताब भी मिला। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक कोलंबो, श्रीलंका में आयोजित हुई थी।

दया सिंह ने कहा कि देवेंद्र वर्मा की यह सफलता न केवल प्रदेश, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। उनका यह प्रदर्शन आने वाले युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। देवेंद्र वर्मा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर भारत के कोच ऊदल कुमार वाल्मीकि एवं उनके पर्सनल कोच श्रीनिवास साहू को विशेष बधाई दी गई है, जिनके मार्गदर्शन में यह उत्कृष्ट प्रदर्शन संभव हो सका। उनकी इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। सम्मान समारोह में नगर निगम उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, भाजपा नेता सीनू राव, राज कुमार पांडेय, राकेश प्रसाद उपस्थित थे।

> ■ ताकत और तकनीक के दम पर ओवरऑल स्ट्रांग मैन का जीता खिताब

## सर्व समाज कल्याण समिति की पहल

### महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने बांटी दोना पत्तल मशीनें



**भिलाई।** सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू की पहल पर माताओं-बहनों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से दोना पत्तल मेकर मशीनें भेंट की गईं। समिति द्वारा महिलाओं को 15 दिनों की प्रशिक्षण दिलाने के पश्चात उन्हें ये मशीनें उपलब्ध कराई गईं ताकि वे अपने जीवन में स्वयं की मेहनत से आर्थिक रूप से सक्षम बन सकें। माताओं-बहनों ने इस सहयोग के लिए इंद्रजीत सिंह के प्रति आभार प्रकट किए। इस अवसर पर समिति के मलकित सिंह लल्लू, जोगा राव, अनिल चौधरी, निर्मल सिंह निम्मे , डॉ. हरजिंदर सिंह, शाहनवाज कुरैशी, राम, साजिद अंसारी, इंद्रजीत सिंह चिंटू, रमन राव आदि उपस्थित थे।

## सिटी इवेंट

### ओपन संगीत और नृत्य प्रतियोगिता, 16 से 19 तक, 13 तक रजिस्ट्रेशन





**भिलाई।** बीएसपी के क्रीडा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली ओपन संगीत एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 16 से 19 दिसम्बर के बीच महात्मा गांधी कलामंदिर सिविक सेंटर में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कर्नाटक, हिन्दुस्तानी, लोक गायन, एकल नृत्य, हिन्दुस्तानी वाद्य तथा खुली आयु वर्ग समूह में नृत्य स्पर्धा का आयोजन होगा। प्रतियोगिता आयु समूह 6 से 12 वर्ष और 13 से 18 वर्ष दो वर्गों में आयोजित की जायेगी। कोई भी प्रतिभागी मात्र दो ही विधा में भाग ले सकते है। प्रतियोगिता के लिए प्रवेश पत्र 12 दिसम्बर तक प्रदान किये जायेंगे। इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता से संबंधित जानकारी एवं प्रवेश पत्र के लिये क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, बोकारो हॉस्टल, सेक्टर-4 में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है। प्रवेश पत्र जमा करने की अन्तिम तिथि 13 दिसम्बर रखी गई है।

## कथा के दूसरे दिन राजा परीक्षित जन्म और सुखदेव आगमन के प्रसंग का हुआ वर्णन

**कार्नर न्यूज**

# भागवत कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मानव जीवन को उसके वास्तविक उद्देश्य की ओर मार्गदर्शन कराने वाली गाथा है : संत निरंजन

**दुर्ग।** पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की पत्नी स्व. कमला देवी साहू की पुण्य स्मृति में गृह ग्राम पाऊवारा में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के दूसरे दिन राजा परीक्षित जन्म और सुखदेव आगमन के प्रसंग का वर्णन हुआ। गुरुवार को संत निरंजन महाराज ने परीक्षित जन्म, सुखदेव आगमन की कथा सुनाई। निरंजन महाराज लिमतरा आश्रम ने कहा कि जीवन मे काम, क्रोध, लोभ, मद, मोह, मत्सर ये षडविकार है। इसे त्याग कर ही प्रभु को प्राप्त किया जा सकता है। जीवन से दुर्गुणों का त्याग करे और सद्गुण को अपनाएं। अभिमान पतन का मूल कारण है जो जीवन का विनास कर देता है। इसलिए कभी भी अभिमान न करे। अभिमान के प्रकार बहुत है। जैसे तन का, मन का, धन का, पद का, प्रतिष्ठा का, रूप का रंग का। अभिमान के वृक्ष में अभद्रता के पुष्प और विनास का फल तैयार होता है इसलिए अभिमान को त्यागे और जीवन मे प्रेम की प्रगाढ़ता को बढ़ाये। इस दौरान पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू,जितेंद्र साहू, सरिता साहू, भूषण साहू, योगिता साहू, हर्ष साहू, केशर साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा साहू, दुर्ग जनपद के पूर्व अध्यक्ष देवेंद देशमुख, नगर पालिक निगम रिसाली की महापौर शशि सिन्हा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य योगिता चंद्राकर, लक्ष्मी साहू, रमा साहू, नगर पंचायत उतई के पूर्व अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, जनपद पंचायत दुर्ग के उपाध्यक्ष राकेश हिरवानी, जनपद सदस्य झमीत गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद थे।





### प्रभु के दरबार में कोई छोटा-बड़ा नहीं होता



निरंजन महाराज ने कहा कहा कि प्रभु के दरबार में न कोई छोटा बड़ा ऊंच नीच नहीं है। सभी के लिए प्रभु का प्रेम बराबर है। इंसानियत से बड़ी कोई जाति नहीं। न हम ब्राह्मण है, न हम क्षत्रिय, न वैश्य और न शुद्र। प्रभु कहते है सर्वप्रथम हम इंसान है और इंसान बन कर इंसानियत का त्याग मत करें। भगवान की तरह बनने की चाहत तो सभी को होती है लेकिन भगवान बनने की चाहत को छोड़ कर जिस दिन हम इंसान बन गए तो मानो राम राज्य स्थापित हो गया।आज पशुओं के अंदर मानवीय संवेदना देखने को मिलती है इसलिए इंसान बने।

### संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है

उन्होंने कहा कि भक्त के प्रेम में वशीभूत होकर परमात्मा बन्धन में बंध जाते है। संसार में जीव का अस्तित्व कन्या की भांति है। जैसे कन्या अपने नैहर से बिदा लेकर ससुराल जाकर सबको मानती है। ऐसे ही हम सब जीव कन्या की भांति है। जब तक इस संसार रूपी नैहर से बिदा नही लेंगे तब तक श्याम पिया से मिलन सम्भव नहीं। जीव और शिव दोनों एक ही है। दोनों में कोई अंतर नहीं। किसी के प्रति अमंगल की भावना से किया गया कोई भी यज्ञ सफल नहीं होता और इसका उदाहरण दक्ष के यज्ञ का विनास है। भगवान शंकर विश्वास के प्रतीक है श्रद्धा बदलती है बढ़ती है परिवर्तित होता है लेकिन विश्वास अटल रहता है बिना विश्वास के भगवान की भक्ति सम्भव नहीं। इसलिए व्यक्ति को सदैव शुभ कर्म करने और ईश्वर में ध्यान लगाने का प्रयास करना चाहिए।

## सिटी स्पोर्ट्स

### आरके अकादमी की 6 विकेट से शानदार जीत



**भिलाई।** गोविंद चौहान क्रिकेट एकेडमी एवं एनसीए के संयुक्त तत्वाधान में कल्याण कॉलेज ग्राउंड सेक्टर-7 मे आयोजित अंडर-19 एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को शानदार मुकाबले हुए। आयोजक विराज चौहान ने बताया कि आर के एकेडमी हुडको एवं पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब के मध्य मैच हुआ। जिसे आरके अकादमी ने 6 विकेट से जीत लिया। प्लेयर ऑफ़ द मैच वैभव नायक को पूर्व अंतरराष्ट्रीय (वेटरन) टेबल टेनिस प्लेयर एवं अंतरराष्ट्रीय अंपायर टेबल टेनिस विनोद देवघरे के हाथों पुरस्कृत किया गया। बल्लेबाजी में पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब ने 151 रन पर आउट विकेटकीपर तनुष ने सर्वाधिक 42 रन बनाएं। तन्मय जैन ने 29 रन और आदित्य कनौजिया ने 20 रन बनाए। गेंदबाजी में आरके अकैडमी के वैभव नायक ने 5 विकेट लिए। कप्तान हर्ष सूचक ने तीन विकेट, बी प्रशांत ने एक विकेट लिए और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बल्लेबाजी में आरके अकादमी टीम ने चार विकेट पर 154 रन बनाए। जिसमें सक्षम सिन्हा ने 62 रन, कप्तान हर्ष सूचक के नॉट आउट 28 रन, अनंत गुप्ता ने 25 रन एवं विकेटकीपर देवांश पाटिल नॉट आउट 10 रन गेंदबाजी पदमनाभपुर क्रिकेट क्लब साहित्य ने दो विकेट, सत्यम ने एक विकेट और एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। आज के मैच के अंपायर हिमाचल साहू एवं नुगेश्वर डहरिया थे।

### कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ ने बंगाल को 85 रनो से हराया



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 कूच बेहार ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का तीसरा चार मैच भिलाई में बंगाल अंडर 19 टीम के विरुद्ध खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 65.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 175 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से नितांत सिंह ने 46 रन, उनके अतिरिक्त फैज खान ने 25 तथा यश वर्दा ने 24 रन बनाए। बंगाल टीम की ओर से विराट चौहान तथा कुशाल गुप्ता ने 4-4 विकेट प्राप्त किए। बंगाल ने अपनी पहली पारी में 50 ओवरों में 10 विकेट खोकर 145 रन ही बनाए। बंगाल की ओर से अगस्तया शुक्ला ने 57 रन तथा कुशाल गुप्ता ने 26 रन बनाये। वहीं छत्तीसगढ़ की ओर से रुद्र प्रताप देहारी ने 5 विकेट तथा रोहित यादव ने 4 विकेट प्राप्त किये. छत्तीसगढ़ ने अपनी दूसरी पारी में 101.6 ओवरों में 10 विकेट खोकर 283 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से नितांत सिंह ने 80 रन तथा फैज खान ने 43 रनों का योगदान दिया। वहीं बंगाल की ओर से रोहित ने 7 विकेट प्राप्त किये। 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बंगाल की टीम 86.5 ओवरों मे 228 रन बनाकर आल आउट हो गयी। बंगाल की ओर से अभिप्राय ने 60 रन तथा कुशाल गुप्ता ने 56 रन बनाए। छत्तीसगढ़ की ओर से धनंजय नायक तथा फैज खान ने 5-5 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ मैच 85 रनों से जीत लिया।

### छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की आमसभा में मिली जिम्मेदारी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की वार्षिक आमसभा बिलासपुर में हुई। सभा में सभी जिलों के अध्यक्ष, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे। सभा में यह अवगत कराया गया कि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ ने एवं कोषाध्यक्ष ने अपने पद से त्यागपत्र प्रस्तुत किया था, जिसे आमसभा द्वारा स्वीकार किया गया। त्यागपत्र स्वीकार होने के उपरांत, सर्वसम्मिति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिवेदी, कोषाध्यक्ष सौरभ कुमार राय का निर्वाचन किया गया। सभा के प्रमुख एजेंडे में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के संविधान को अपनाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी सदस्यों की सहमति से यह निर्णय लिया गया कि बहुत शीघ्र ही एएफआई के संविधान को छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया जाएगा।यह निर्णय संघ को राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप संचालित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ की नवगठित कार्यकारिणी में अवधेश कुमार त्रिवेदी– अध्यक्ष एक पद, सुरेश डी. क्रिस्टोफर– वरिष्ठ उपाध्यक्ष एक पद, सुशील कुमार मिश्रा–रणविजय प्रताप सिंह–पपिंदर सिंह विल्खू-परमेश्वर राम भगत–राजेश्वर राम भगत–उपाध्यक्ष पांच पद, अमरनाथ सिंह–महासचिव एक पद शामिल हैं।

---

**लगातार बढ़ रही है डायबिटिक फुट की समस्या**

# मधुमेह का स्तर अगर बढ़ा रहता है तो सीधा असर होता है पैरों पर भी, रहें सचेत

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है, जिसमें पैरों को काटना तक पड़ सकता है।

ब्लड शुगर का अक्सर बढ़ा रहना सेहत के लिए खतरनाक माना जाता है। समय के साथ इसके कारण न सिर्फ टाइप-2 डायबिटीज होने का जोखिम रहता है साथ ही ये आंखों, किडनी, हार्ट और पाचन तंत्र के लिए भी समस्याकारक है। यही कारण है कि स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को अपना शुगर कंट्रोल रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की सलाह देते हैं। डॉक्टर कहते हैं, ब्लड शुगर का सामान्य स्तर 70 से 100 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर के बीच होता है। भोजन के बाद अगर आपका शुगर लेवल लगातार 130 मिलीग्राम प्रति डेसीलिटर या इससे अधिक बना रहता है तो आपको अलर्ट हो जाने की आवश्यकता है। डायबिटीज की स्थिति कुछ मामलों में बहुत खतरनाक हो सकती है, कुछ लोगों को इसके कारण पैर कटाने तक की नौबत आ सकती है।



यही वजह है कि नियमित अंतराल पर अपने शुगर लेवल की जांच करते रहें और अगर ये बढ़ा हुआ रहता है तो समय रहते डॉक्टर से मिलकर इसका उपचार प्राप्त करें।

### ब्लड शुगर बढ़े रहने के नुकसान

डायबिटीज के कारण आपने आंखों की रोशनी कम होने, किडनी पर असर होने सहित कई अन्य अंगों से संबंधित समस्याओं के बारे में सुना-देखा होगा। पर क्या आपको पता है कि अगर आपका शुगर लेवल अक्सर हाई रहता है तो इससे डायबिटिक फुट नाम की समस्या हो सकती है। ये कई मामलों में खतरनाक है, गंभीर स्थितियों में रोगी की जान बचाने के लिए पैरों को काटना तक पड़ सकता है। डॉक्टर्स कहते हैं, डायबिटीज की गंभीर स्थिति रक्त वाहिकाओं को क्षतिग्रस्त करने लग जाती है, जिसके कारण कुछ लोगों को डायबिटिक फुट बीमारी का खतरा हो सकता है।

### क्या है डायबिटिक फुट बीमारी?



पुणे स्थित एक अस्पताल में एंडोक्रोनोलॉजिस्ट डॉ आमिर काजी बताते हैं, डायबिटिक न्यूरोपैथी की समस्या जिसमें पैरों की नसों को नुकसान पहुंचने लगता है, इसके कारण अक्सर पैरों में दर्द, झुनझुनी और सुन्नता बनी रहती है। इसपर अगर समय रहते ध्यान न दिया जाए तो पैर की उंगलियां और अन्य हिस्सों में रक्त का प्रवाह बाधित हो जाता है जिससे कोशिकाएं डेड होने लग जाती है।

पैरों पर काले धब्बे दिखना इसका संकेत है, शुगर बढ़े रहने के कारण ये अल्सर में बदलने लगते हैं। इस स्थिति में प्रभावित हिस्से को काटने तक की भी नौबत आ सकती है। पैरों में इसका असर अधिक देखा जाता रहा है।



### डायबिटिक फुट में क्या दिक्कत होती है?

डायबिटिक फुट और अल्सर की समस्या मधुमेह वाले लगभग 20 प्रतिशत रोगियों में देखी जाती है। पैरों में रक्त का संचार कम हो जाने के कारण वहां की कोशिकाएं मृत होने लगती हैं जिसके कारण सड़न और घाव हो सकती है। पैरों की उंगलियों, तलवे या ऊपरी सतह पर सड़न और घाव होने की स्थिति में सुधार न होने पर प्रभावित हिस्से की सर्जरी करनी होती है जिससे अन्य हिस्से को बचाया जा सके। इस तरह की समस्या को जानलेवा भी माना जाता है। कुछ लोगों के पैर से डिस्चार्ज होने लग जाता है। यह समस्या तेजी से बढ़ने लगती है और पूरे पैर में भी फैल सकती है। पैरों में काले दाग, फफोले, असामान्य सूजन, जलन, लालिमा, नीले निशान और अजीब गंध जैसे डायबिटिक फुट के संकेतों पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।


---

# वास्तु के अनुसार बेडरूम में लगाएं नाइट बल्ब, रात में आएगी अच्छी नींद

अगर आपको हल्की रोशनी में सोना अच्छा लगता है तो आपको वास्तु के अनुसार नाइट बल्ब को अपने बेडरूम में लगाना चाहिए। रात में हर व्यक्ति के सोने का अपना अलग तरीका होता है। जहां कुछ लोग कमरे में पूरी तरह से अंधेरा करके सोना पसंद करते हैं। अगर कमरे में थोड़ी सी भी लाइट होती है तो उन्हें नींद ही नहीं आती है। वहीं इससे ठीक उलट कुछ लोगों को अंधेरे में डर लगता है या फिर वे कंफर्टेबल फील नहीं करते हैं। ऐसे में वे नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते हैं।

वास्तु के अनुसार भी कमरे में हल्की मध्यम रोशनी में सोना काफी अच्छा माना जाता है। इससे आपको नींद भी अच्छी आती है। अगर आपको भी लाइट में सोना पसंद हैं और आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करती हैं तो आपको वास्तु की कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में वास्तुशास्त्री डॉ. आनंद भारद्वाज आपको बता रहे हैं कि आपको अपने बेडरूम में नाइट बल्ब का इस्तेमाल करते समय किन बातों का ध्यान अवश्य रखना चाहिए

### सही दिशा में लगाएं बल्ब



जब आप अपने कमरे में नाइट बल्ब का इस्तेमाल कर रही हैं तो आपको दिशाओं की ओर विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए। हमेशा दक्षिण पूर्व दिशा या उत्तर पश्चिम दिशा के कोने में ही नाइट बल्ब का इस्तेमाल करें। आपको कभी भी भूलकर भी दक्षिण पश्चिम दिशा में नाइट बल्ब या नाइट लैंप नहीं लगाना चाहिए।

### यूं चुनें कलर

नाइट बल्ब लगाते समय आपको रंगों की तरफ भी ध्यान देना चाहिए। कोशिश करें कि आपके नाइट बल्ब का कलर लाइट ग्रीन हो। आपको कभी भी बेडरूम में रेड कलर के नाइट बल्ब का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। ऐसा करने से आपकी नींद खराब होती है। सपने भी अच्छे नहीं आते हैं। इतना ही नहीं, कई बार तो व्यक्ति रात में चौंककर उठ जाता है। कई बार न्यूली मैरिड कपल अपने कमरे में रेड कलर के नाइट बल्ब को लगाना पसंद करते हैं। अगर आपकी ऐसी इच्छा है तो आप बहुत ही लाइट रेड जो येलो नाइट बल्ब होने का अहसास करवाती है, उसका इस्तेमाल करें।

### अगर छत पर हो

लोग बेडरूम में अलग-अलग तरह से नाइट बल्ब लगवाना पसंद करते हैं। इन दिनों छत पर भी नाइट बल्ब लगाने का चलन काफी बढ़ गया है। अगर आप अपने बेडरूम में इस तरह से नाइट बल्ब लगाना चाहती हैं तो ध्यान दें कि उसकी सीधी रोशनी आपके शरीर पर ना पड़े। इसे वास्तु अनुसार अच्छा नहीं माना जाता।

---

# झटपट तैयार करें मजेदार हॉट चॉकलेट



चाय और कॉफी अपनी जगह है, लेकिन क्या आपने गर्मागर्म चॉकलेट ड्रिंक का मजा लिया है? आज आपको बताएं कि कॉफी रेस्तरां में मिलने वाली यह एक्सपेंसिव ड्रिंक आप घर पर कैसे बना सकते हैं।

सर्दियों में चाय और कॉफी का मजा अपनी जगह है, लेकिन पिछले कुछ समय में हॉट चॉकलेट ड्रिंक ने भी अपनी एक अलग जगह बनाई है। चॉकलेट और दूध से बनी यह गाढ़ी ड्रिंक ठंड में गले को आराम देती है। इससे ज्यादा आरामदायक ड्रिंक सर्दियों में कुछ और हो नहीं सकती है। हॉट चॉकलेट अमेरिका और यूरोपीयन मार्केट में बहुत ज्यादा लोकप्रिय है। इसे चॉकलेट को शेव और मेल्ट करके बनाया जाता है। आमतौर पर लोग इसे व्हिपड क्रीम और मार्शमैलो से गार्निश करके सर्व करते हैं। इसकी मिठास कम होती है, लेकिन कसिस्टेंसी गाढ़ी होती है और इस वजह से इसका स्वाद अच्छा लगता है। क्या आपको पता है कि इस ड्रिंक को कुछ 3000 साल पहले सबसे पहले बनाया गया था। जी हां, ऐसा माना जाता है कि यह ड्रिंक एज्टेक कल्चर का अहम हिस्सा होती थी। इसके काफी लंबे समय बाद यह यूरोप और मेक्सिको में फेमस हुई। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि 19वीं सदी में इसे पेट संबंधी बीमारियों के लिए भी उपयोग में लाया जाता था। आपको जानकर हैरानी होगी कि यह स्पाइस्ड वर्जन में भी आता है। इटली, स्पेल और अमेरिका के कुछ एरिया ऐसे हैं जहां हॉट चॉकलेट के कई वर्जन आपको मिलेंगे। अब इतनी लोकप्रिय ड्रिंक का मजा लेना तो बनता ही है। बस इसलिए हम आपके लिए इसकी रेसिपी लेकर आए हैं। चलिए आपको बताएं कि दूध और चॉकलेट से आप गाढ़ी और स्वादिष्ट हॉट चॉकलेट कैसे बना सकते हैं।

---



# अपने बच्चों को मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए जरूर सिखाएं ये योगासन

बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा एक मार्ग की तरह है। शिक्षा प्राप्त करने बच्चे स्कूल जाते हैं। स्कूल में बच्चों को हर दिशा में निपुण बनाने के लिए कई विषयों के बारे में पढ़ाया जाता है। अक्सर बच्चे किसी विषय में कमजोर होते हैं, जिस पर उन्हें अधिक ध्यान लगाने की जरूरत होती है। वहीं कई छात्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे होते हैं, जिसके लिए वह घंटे पढ़ाई करते हैं।

हालांकि घंटों बैठकर पढ़ने से अक्सर बच्चों को अनिद्रा, आंखों में जलन, सिर दर्द या शरीर दर्द जैसी समस्या भी होने लगती हैं। पढ़ाई में ध्यान केंद्रित न होने पाने की शिकायत भी आम है। अगर आपका बच्चा भी स्कूल व कोचिंग की घंटो क्लास लेता है, या अपने कमरे में बैठकर घंटों पढ़ाई करता है, तो उसके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर इसका असर पड़ सकता है। बच्चे को शारीरिक तौर पर सक्रिय रहने की भी जरूरत होती है और मस्तिष्क को आराम देना भी जरूरी होती है।

### ध्यान केंद्रित करने के लिए योग



पढ़ाई करते समय अक्सर बच्चों को ध्यान केंद्रित नहीं होता। इस कारण उनका मन भटकता रहता है और पढ़ाई में मन नहीं लगता। लगातार किताब लेकर बैठने का अर्थ पढ़ाई करना नहीं होता। बच्चा पढ़ाई पर फोकस कर सके, इसलिए वृक्षासन का अभ्यास कराएं। इस योग से शरीर का संतुलन बना रहता है और ध्यान एकाग्र करने में मदद मिलती है।

### वृक्षासन के अभ्यास का तरीका

वृक्षासन के अभ्यास के लिए सीधे खड़े होकर बाएं पैर पर संतुलन बनाते हुए दाएं पैर को मोड़कर तलवे को बाएं पैर की जांघ पर रखें। इस स्थिति में संतुलन बनाएं और हाथों को जोड़ते हुए सिर के ऊपर ले जाते हुए नमस्कार की मुद्रा ले लें। कुछ देर इसी अवस्था में रहें, बाद में दूसरे पैर से भी प्रक्रिया को दोहराएं।

### आंखों को आराम देने के लिए योग

लगातार पढ़ाई से आंखों में दर्द होने लगता है और नजर कमजोर होने की शिकायत भी हो सकती है। आंखों को आराम देने और नजर तेज करने के लिए भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कर सकते हैं। इस योग से फेफड़ों, कानों और नाक पर भी असर होता है।

### भस्त्रिका प्राणायाम का तरीका

इस आसन को करने के लिए सुखासन की मुद्रा में बैठकर गर्दन और रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। अब शरीर को बिना हिलाए गहरी सांस लें और तेजी से दोनों नाक से आवाज करते हुए सांस छोड़ें।

### शारीरिक स्वास्थ्य के लिए योग

एक ही स्थान पर बैठकर घंटों पढ़ाई करने से शारीरिक सक्रियता कम होने लगती है। गलत पोजीशन में बैठकर पढ़ने या सिर झुकाकर पढ़ाई करने से पीठ व गर्दन में दर्द की समस्या हो जाती है।



---

**कार्नर न्यूज**

**दफ्तर में कभी न करें ये काम, वरना बिगड़ जाएगी आपकी छवि**

# दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका बनाता और बिगाड़ता है आपकी छवि

दफ्तर में लगभग 8 से 9 घंटे व्यय करते हैं। इस दौरान दफ्तर के अंदर आपकी एक अलग लाइफस्टाइल बन जाती है। इस दौरान आपका प्रोफेशनल बर्ताव बॉस समेत सहकर्मियों को भी प्रभावित करता है। इसका असर आपके कामकाज और तरक्की पर भी होता है। दफ्तर में आपका व्यवहार और काम करने का तरीका आपकी छवि को बनाता और बिगाड़ता है। एक सकारात्मक छवि न केवल सहकर्मियों और बॉस पर अच्छा प्रभाव डालती है, बल्कि आपके करियर को भी आगे बढ़ाने में मदद करती है। वहीं, कुछ गलतियां आपकी मेहनत पर पानी फेर सकती हैं और आपकी छवि को खराब कर सकती हैं। दफ्तर में आपका हर काम और व्यवहार आपकी छवि का प्रतिबिंब होता है। इसलिए, प्रोफेशनल माहौल में अनुशासन, ईमानदारी और सकारात्मकता बनाए रखना बेहद जरूरी है। याद रखें, एक अच्छी छवि आपके करियर की सफलता की कुंजी है। इस लेख में हम उन आदतों और कामों पर चर्चा की जा रही है,जिन्हें दफ्तर में करने से बचना चाहिए।



### समय पर दफ्तर न पहुंचना

दफ्तर पहुंचने में रोज ही देर करते हैं तो इससे आपकी कार्यक्षमता पर सवाल उठते हैं। साथ ही आपके अनुशासनहीन होने का भी संकेत देता है। समय पर न पहुंचने से सहकर्मी और बॉस दोनों ही आपसे नाराज हो सकते हैं।

### अनावश्यक गॉसिप करना

गॉसिप करना किसी भी दफ्तर का हिस्सा हो सकता है, लेकिन इसमें अति करना आपकी छवि को नुकसान पहुंचा सकता है। खासकर दूसरों की आलोचना या ऑफिस की गोपनीय जानकारी साझा करना आपकी विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा कर सकता है।

### काम को टालना

दफ्तर में काम को टालने की आदत आपको आलसी और गैर-जिम्मेदार साबित कर सकती है। इससे न केवल आपकी छवि खराब होती है, बल्कि आपके सहकर्मी भी परेशान हो सकते हैं, क्योंकि आपकी देरी उनके काम को भी प्रभावित कर सकती है।

### सहकर्मियों के काम का क्रेडिट लेना

कई बार बॉस के सामने अपना इंप्रेशन बनाने के लिए लोग टीम वर्क का क्रेडिट या सहकर्मी के काम का श्रेय ले लेते हैं। इसके अलावा दूसरों के काम व मेहनत को छोटा दिखाने की कोशिश करते हैं।



# फिल्म इवेंट

## हॉलीवुड

### 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की एडिटर के साथ जंगल में हुआ था खौफनाक हादसा



'गेम ऑफ थ्रोन्स' में एडिटर के तौर पर काम कर चुकीं 29 वर्षीय कैथरीन चैपल की ये कहानी रोंगटे खड़े कर देने वाली है। उन्हें जंगल सफारी के दौरान शेर ने दबोचा था और प्रत्यक्षदर्शी ने सिहराने वाली कहानी बताई थी। कैथरीन अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक सफारी पार्क से गुजर रही थीं, जहां खुली कार की खिड़की पर शेर ने हमला कर दिया था। हालांकि टूर गाइड ने उन्हें बहादुरी से बचाने की कोशिश की थी। ये कहानी है 'गेम ऑफ थ्रोन्स' एडिटर कैथरीन चैपल की जिनके साथ एक ऐसा भयानक हादसा हुआ जो रोंगटे खड़े कर देने वाला है। घूमने की शौकीन 29 साल की कैथरीन चैपल का ये दर्दनाक किस्सा साउथ अफ्रीका के जोहान्सबर्ग के पास एक जंगल सफारी के दौरान की है, जहां पार्क में एडवेंचर के लिए वो टूर गाइड के साथ पहुंची थीं। बाकी सभी टूरिस्ट की तरह कैथरीन भी अपने कैमरे से जंगल के राजा शेर की तस्वीरें खींचना चाहती थीं। उन्होंने पहले शेर-शेरनी की तस्वीरें खींची और अगले ही पल ये एडवेंचर एक भयानक हादसे में बदल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, तस्वीरें खींचने के तुरंत बाद शेर ने उनपर झपट्टा मारा। देखते ही देखते ये ड्रीम हॉलीडे एक बुरे सपने में बदल गया। दरअसल कैथरीन ने खिड़की को नीचे किया था क्योंकि उन्हें जमीन पर लेटे एक शेर की तस्वीर लेनी थी। इससे पहले कि 'गेम ऑफ थ्रोन्स' की कैथरीन को एहसास होता, शेर अपने पिछले पंजे पर खड़ा हो गया और आगे की ओर झपटा। खुली खिड़की की वजह से उसने कैथरीन को क्षत-विक्षत कर दिया। ये कहानी है 1 जून 2015 की, जब कैथरीन के साथ उनकी मौत भी इस जंगल सफारी पर मंडरा रही थी।

## टॉलीवुड

### अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में शामिल होने पर ऋषभ ने जाहिर की खुशी



हाल ही में गोवा में हुए भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में सिनेमा जगत की कई हस्तियां शामिल हुईं। 'कांतारा चैप्टर 1' डायरेक्टर ऋषभ ने भी यहां शिरकत की थी। ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा' और 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए देश और दुनिया भर में बतौर फिल्ममेकर और अभिनेता एक अलग जगह बना ली है। यह चर्चित डायरेक्टर, एक्टर भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहुंचे। इस फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बनकर वह काफी खुश हैं। 56वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में पहुंचकर ऋषभ शेट्टी ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं क्योंकि दूसरी बार इस फिल्म फेस्टिवल में आया हूं। हम सब सिनेमा का जश्न मना रहे हैं। पूरी इंडियन फिल्म इंडस्ट्री यहां मौजूद है। मैं यह देखकर बहुत खुश हूं। ऐसे फिल्म फेस्टिवल नई पीढ़ी के फिल्ममेकर्स को इंस्पायर करते हैं। इस आयोजन को करवाने के लिए मैं गोवा सरकार का शुक्रिया अदा करता हूं।

ऋषभ शेट्टी ने फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' के जरिए भारतीय परंपरा, संस्कृति की कहानी को बड़े पर्दे पर उतारा। इस फिल्म ने लोगों को उनकी जड़ों से जोड़ने का एक मौका दिया। फिल्म में आस्था का एक धार्मिक पक्ष था, वहीं लोककथा का रोमांच भी था। साथ ही फिल्म में जबरदस्त एक्शन सीन्स भी दर्शकों को पसंद आए थे। इस फिल्म में ऋषभ शेट्टी ने लीड रोल निभाया है, साथ ही फिल्म का डायरेक्शन भी किया है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर वर्ल्डवाइड 900 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। साल 2025 में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' बनीं।

## भोजपुरी

### अंजना की फिल्म 'भाभी मेरी मां' का फर्स्ट लुक आउट जारी, बड़ी बहू के रोल में दिखेंगी एक्ट्रेस



भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री अंजना सिंह की फिल्म 'भाभी मेरी मां' जल्द ही दर्शकों के बीच दस्तक देगी। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का फर्स्ट लुक शेयर किया। मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर शेयर किया, जिसमें अंजना सिंह घर की बड़ी बहू के रूप में नजर आ रही हैं। पोस्टर रिलीज कर उन्होंने कैप्शन दिया, 'फिल्म 'भाभी मेरी मां' का फर्स्ट लुक जारी हो गया है और ट्रेलर जल्द ही सामने आने वाला है।' राज किशोर प्रसाद राजू द्वारा निर्देशित फिल्म 'भाभी मेरी मां' में अंजना सिंह के अलावा, गौरव झा, अपर्णा मलिक, सुशील सिंह, माया यादव, प्रियांशु सिंह, जयप्रकाश सिंह, सोनिया मिश्रा, ललित श्रीवास्तव, रिंकु आयुशी यादव, संगीता राय, प्रकाश जैस, और विक्की जैसे कलाकार हैं। फिल्म की कहानी सुरेंद्र और विवेक मिश्रा ने लिखी है और इसे वर्ल्ड वाइड रिकॉर्ड्स के बैनर तले रिलीज किया जा रहा है। अभिनेत्री अंजना सिंह भोजपुरी सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम कर दर्शकों के दिलों में खास पहचान बनाई है। उनके गाने भी रिलीज होते रहते हैं। हाल ही में अभिनेत्री की कुछ फिल्में रिलीज हो चुकी हैं, जिनमें 'छोटकी दीदी बड़की दीदी', 'मासूम हाउसवाइफ', 'आपन कहाय वाला के बा', और 'किसान बहुरिया' शामिल हैं, जबकि उनकी 'बेलन वाली बहू', 'चटोरी बहू-2', 'कुश्ती', और 'महिमा गायत्री मां की' जल्द आने वाली हैं। वहीं, 'कुश्ती' फिल्म का पोस्टर रिलीज हो चुका है, जिसमें वो रेसलर बनी हैं। फिल्म का ट्रेलर आना बाकी है। फैंस एक्ट्रेस के इस अवतार को देखने के लिए बेताब हैं। शनिवार को अभिनेत्री की फिल्म 'बेलन वाली बहू' का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर हुआ है।

## पुतिन के देश से

जरूरी नहीं कि पूरा कलेक्शन रशियन स्टाइल से प्रेरित हो, लेकिन क्रिश्चियन लैक्रोइक्स फॉल 2025 कई वजहों से चर्चा में रहा। यह हाउते कॉउचर कलेक्शन अपने फिनाले शोस्टॉपर के तौर पर जाना जाता है। यहां मॉडल व्लादा रोस्लीकोवा रशियन दुल्हन से प्रेरित एक ऐसे आउटफिट में बाहर निकलीं, जो सपनों जैसा होता है। बाइज़ेंटाइन स्टाइल से प्रेरित हेडपीस के साथ गोल्ड एप्लीक उस पारंपरिक ऑर्थोडॉक्स एलिगेंस को दिखाते हैं, जिसे कई युवा रशियन दुल्हनें पाना चाहती हैं। रूसी राष्ट्रपति पुतिन भारत दौरे पर हैं, ऐसे में यह परंपरागत स्टाइल एक अलग छटा बिखेर रही है।



लाइफ स्टाइल

## सर्दियों में ऐसा करें मेकअप, आप पर रहेंगी सभी की नजरें

हर मौसम का मेकअप अलग-अलग होता है। सर्दियों के मौसम में मेकअप थोड़ा ब्राइट रखा जाता है। गर्मी के मौसम जिन रंग का इस्तेमाल नहीं किया जाता है, उनका रंगों का सर्दियों के मौसम में इस्तेमाल किया जा सकता है। अब चूंकि शादियों का मौसम चल रहा है तो मेकअप में आपको कुछ खास ध्यान रखना होगा।

### कैसे करें मेकअप?

इस समय आंखों के दो लुक को खूब किया जा रहा है। कैट और स्मोकी आई को लोग पसंद कर रहे हैं। अगर आप चाहें, तो डबल आईलाइनर के ऑप्शन को भी चुन सकती है। आप जिस भी लुक को कैरी करें, उसे आपको मस्कारे से उभारना चाहिए। अगर आप सर्दियों में ब्राइट कल का इस्तेमाल करेंगी, तो अच्छा लगेगा। आप ब्लू, पर्पल और ऑरेंज रंगों के ऑप्शन चुन सकती हैं। आई लाइनर में आप ब्लैक कलर का इस्तेमाल करने से बचना चाहिए। इसमें आपको चॉकलेट ब्राउन, फॉरेस्ट ग्रीन और नेवी ब्लू कलर के ऑप्शन को चुनना चाहिए। अगर आप इस रंगों का इस्तेमाल कर रही हैं, तो आप लिपस्टिक का कलर लाइट रखें, जिससे ये रंग उभरकर आएंगे।

-ब्रॉन्जर का इस्तेमाल करें, लेकिन बहुत कम। थोड़ा सा ही ब्रॉन्जर त्वचा पर लगाएंगे, तो भी चेहरा खिल जाता है।

गर्मियों में जिस कल की नेलपॉलिस आप नहीं लगा पाई हैं, तो आप इस मौसम में इस्तेमाल करें। डार्क रेड, बरगंडी, पर्पल और नेवी ब्लू जैसे कलर से इस मौसम में शानदार लुक आता है। इनको लगाने से पहले आप नेल्स को कोई शेप दे देती हैं, तो अच्छा रहेगा। वैसे भी इस समय फ्रेंच शेप नाखून काफी ट्रेंड में हैं।



सर्दियों में ज्यादा बेस मेकअप का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि इससे आप सुंदर दिखने की जगह आप कुछ और ही असर पड़ेगा। सर्दी कितनी भी हो, आप फाउंडेशन और मॉश्चराइजर इस्तेमाल करें, जिसमें एपीएफ की मात्रा ज्यादा हो। -सर्दी में भी आप परफ्यूम इस्तेमाल करें। मैरिज सेरेमनी में आपको बोल्ड और ब्राइट कलर्स का ऑप्शन चुनना चाहिए, जिससे आपको लंबे समय तक फ्रेश लुक मिलेगा। -मैट फिनिश के लिए आपको मॉइश्चराइजर फाउंडेशन का इस्तेमाल करना चाहिए, जिससे आपके स्किन को स्मूथ लुक भी मिलेगा। शिमर और ग्लिटर के स्थान पर हाईलाइटर का इस्तेमाल करें, जिससे स्किन शिमरी नहीं, बल्कि ग्लो करेगी।

## सर्दी के लिए ऐसे चुनें जिमवियर एक्सरसाइज करते हुए स्टाइल



सर्दी में वैसे भी स्टाइल गड़बड़ हो जाती है। अब इस पर भी जिम के कपड़े हों तो मामला और कठिन ही होता है, मगर कुछ खास बातों का ध्यान रखा जाए तो सर्दी के जिम वियर में भी आप पर्फेक्ट ही दिखेंगे। जिम वियर में भी स्टाइल में रहना है तो आपको ये टिप्स फॉलो करने होंगे। इन टिप्स के साथ आप 'आउट ऑफ फैशन' कभी नहीं होंगे। इन टिप्स पर नजर डाल लेते हैं-

### लेयरिंग से बनिए स्टाइल पर्फेक्ट



लेयरिंग के साथ जिम के कपड़ों में भी स्टाइल का तड़का लगाया जा सकता है। वैसे भी सर्दी में लेयरिंग फैशन का सबसे कारगर फंडा होती है। इसके लिए पहली लेयरिंग कुछ ऐसी पहनिए जो फिटिंग वाली हो। इसके ऊपर से जॉगर्स और हुडी पहनिए। इसके ऊपर से आप कुछ स्टाइलिश जिम वाली जैकेट पहन सकते हैं।

### ये रंग करेंगे कमाल

सर्दी में जिम वियर भी ऐसे चुनें, जिनके रंग म्यूटेड हों। ऐसे रंगों को सिर्फ कपड़ों में नहीं बल्कि जिम एक्सेसरीज में भी इन्हीं रंगों को चुनें। म्यूटेड कलर वो होते हैं जो ब्राइट नहीं होते हैं बल्कि हल्के डल से होते हैं और अच्छे भी लगते हैं।

### सर्दी के कपड़ों में भी फिटिंग


ज्यादातर बार ये होता है कि सर्दी के कपड़ों में लोग लुक्स तो देखते हैं लेकिन फिटिंग पर ध्यान नहीं देते हैं। लेकिन जिम वियर की बात आए तो इनमें फिटिंग देखना जरूरी हो जाता है। बैगी स्टाइल के कपड़े जिम के लिए बिल्कुल भी नहीं हैं। जिम वियर के फैशन में इन रहना है तो आपको फिटिंग वाले कपड़े ही पहनने होंगे।

### जॉगर्स सेट और कार्गो पैंट्स हैं जरूरी

जॉगर्स सेट आजकल के समय का ट्रेंड है। ये एक ऐसा ट्रेंड है जिसे बड़े-बड़े फिल्म स्टार भी फॉलो करते हैं। इनकी पैंट में एंकल ग्रिप होती है, जिससे काफी स्टाइल मिल जाती है। वहीं कार्गो पैंट्स भी कमाल करती हैं और ज्यादातर बॉडी टाइप पर सूट करती ही हैं। ये दोनों ही स्टाइल इंडोर और आउटडोर वर्कआउट के लिए काम करते हैं।

## ब्लैकहेड्स से हैं परेशान तो लें नींबू का सहारा, मिलेगी दमकती त्वचा

ब्लैकहेड्स की वजह से स्किन की खूबसूरती में दाग लग जाता है। अगर इसके कारण की बात करें तो ब्लैकहेड्स सीबम के निर्माण के कारण होता है, जिससे त्वचा के रोमछिद्र बंद हो जाते हैं। ऐसे में कई बार लोग ब्लैकहेड्स को नोंच कर निकाल देते है, जो त्वचा के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इससे चेहरे पर निशान पड़ जाते हैं और रोमछिद्र बड़े हो सकते हैं। आप चाहें तो ब्लैकहेड्स पर डायरेक्ट नींबू का रस लगा सकते हैं। इसके लिए सीधे नींबू का रस निकालें और उसे ब्लैकहेड्स पर लगाएं। इसे 10-15 मिनट छोड़ें और फिर हल्का मसाज करके धो दें। इसके लिए एक छोटे चम्मच नींबू का रस और एक छोटी चमच्च शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें। इस मिश्रण को ब्लैकहेड्स वाली त्वचा पर लगाएं और 10-15 मिनट बाद गर्म पानी से धो दें। नींबू के रस में थोड़ा सा चीनी और बेसन मिलाकर एक स्क्रब तैयार करें। इस स्क्रब में आप चाहें को थोड़ा का गुलाब जल डाल सकते हैं। अब इससे ब्लैकहेड्स पर मसाज करें और फिर उसे धो दें। अंडे की सफेदी ब्लैकहेड्स को हटाने में



काफी कारगर रहती है। इस मास्क को बनाने के लिए एक अंडे की सफेदी और आधे नींबू के रस को मिक्स करके एक स्मूद पेस्ट तैयार कर लें। अब इसे अपने चेहरे पर लगाएं। इससे आपको फायदा जरूर मिलेगा।

## दिखना चाहती हैं सलवार-सूट में लंबी, तो इन डिजाइंस को करें ट्राई

अगर हम सूट में अपनी हाइट को लम्बा दिखाना चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको अपनी बॉडी शेप के अनुसार सही सूट के डिजाइन को चुनना बेहद जरूरी होता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले सूट के कुछ खास डिजाइंस और बताएंगे इन लुक्स को स्टाइलिश बनाने के आसान टिप्स।

### शॉर्ट कुर्ती के साथ शरारा सूट


लंबी दिखने के लिए आप शॉर्ट कुर्ती के साथ इस तरह का हाई वेस्ट शरारा पहन सकती हैं। इस तरह के सूट आप प्लेन फैब्रिक लेकर गोटा-पट्टी लेस का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस सूट को डिजाइनर सूरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के लुक के साथ आप गले से लगा चोकर और मैचिंग स्टड्स को स्टाइल करें।

### कलीदार सूट डिजाइन

कलीदार सूट लगभग हर समय फैशन ट्रेंड में पसंद किए जाते हैं। इस स्टाइलिश बैक नेक डिजाइन के सूट को डिजाइनर अंजना बोहरा द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके के सिल्क सूट आपको लगभग 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएंगे।इस तरह के सूट लुक के साथ आप स्लीक बन हेयर स्टाइल को चुनें।

### वेलवेट सूट डिजाइन

सर्दियों में ठंड से बचने और स्टाइलिश दिखने के लिए वेलवेट सूट आपके बेहद काम में आ सकते हैं। इस स्टाइलिश सूट को डिजाइनर सुरीना चौधरी द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के वी-नेकलाइन सूट आपको मार्केट में लगभग 1500 रुपये से लेकर 2000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा।



कार्नर न्यूज

कोट पहन रहे हैं तो याद रखें जरूरी टिप्स

## कोट की लंबाई और फिटिंग सही हो तो निखर उठता है आपका लुक, जानिए कुछ जरूरी टिप्स


कोट पहनने का शौक आपको है और पार्टी वगैरह में तो आप बस सूट ही पहनते हैं तो आपको इसकी सही लेंथ और फिटिंग के बारे में भी पता होना चाहिए। ताकि कोट के साथ आपको परफेक्ट लुक मिल सके। दरअसल सूट अगर फिटिंग का न हो और इसकी लंबाई अगर ठीक न हो तो लुक बिगड़ सकता है। इसलिए सूट की सही लेंथ और फिटिंग के बारे में जान लीजिए, आपके लिए ये काफी काम की फैशन टिप्स साबित होगी-

### सबसे पहले टाई पर हो ध्यान

कोट की सही लेंथ जानने और लुक में शामिल करने से पहले आपको अपनी टाई की लंबाई पर ध्यान देना होगा। इसकी लेंथ न ज्यादा छोटी और न ज्यादा बड़ी होनी चाहिए। टिप ये है कि टाई की लंबाई पैंट की बेल्ट तक होनी चाहिए।

### सूट लेंथ हो बैलेंस

सूट की लेंथ ऐसी होनी चाहिए कि आपकी ऊपरी और निचली बॉडी में बैलेंस दिखे। इसलिए सूट की जैकेट



की लंबाई कमर से थोडा नीचे होनी चाहिए। अगर आपकी लंबाई 5'9" से ज्यादा है तो इसकी लेंथ थोड़ी और लम्बी भी हो सकती है।

### अगर बाहें इतनी दिख रही हैं तो

आपके सूट की सही लंबाई नापने का एक तरीका और है। इसके लिए देखिए आपकी शर्ट कि बाहें सूट की बाहों से करीब आधे इंच दिख रही हैं या नहीं। अगर ये नहीं दिख रही हैं तो या तो जैकेट ज्यादा लंबी है या बांहें ज्यादा छोटी हैं। ओवेरकोट पहन रहे हैं तो

अगर आप ओवरकोट पहनना चाहते हैं तो इसकी लेंथ पर भी आपको ध्यान देना होगा। इसकी लंबाई हमेशा घुटनों से ऊपर होनी चहिए।

### कॉलर से जांचिए लंबाई

कॉलर से भी ये पता लगाया जा सकता है कि कोट आपके लिए सही लेंथ और फिटिंग का है या नहीं। सूट की कॉलर शर्ट की कॉलर से ठीक पीछे होनी चाहिए। इसके साथ शर्ट का कॉलर भी ठीक गर्दन से लगा होना चाहिए। ये तीनों आपस में हल्के से टच होने चाहिए। अगर ये गैप ज्यादा है तो सूट फिटिंग का बिल्कुल नहीं है।

